राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# लोक प्रेरणा

लोहारू से प्रकाशित



प्रेरणास्त्रोतः स्व. डॉ. एलसी वालिया

RNI No.HARHIN/2022/90426 वर्ष : 03, अंक: 05 पृष्ठ: 08, मूल्य: रू. 2.00 रविवार, 15 जून 2025 lokparerna@gmail.com +91-9255149495

# गाजा प्रस्ताव पर भारत की गैरमौजूदगी शर्मनाक: कांग्रेस

## भारत ने हमेशा फलस्तीन का पक्ष लिया, लेकिन इस शानदार विरासत को मलबे में बदल दिया गया

### 'शानदार विरासत मलबे का ढेर बनी'

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**
कांग्रेस ने शनिवार को केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में गाजा में युद्धविराम के लिए पेश प्रस्ताव पर मतदान से भारत की गैरमौजूदगी शर्मनाक है। कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि भारत ने हमेशा फलस्तीन का पक्ष लिया, लेकिन इस शानदार विरासत को मलबे में बदल दिया गया है।

**'यह मानवीय त्रासदी'**
कांग्रेस ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि 'यह बेहद शर्मनाक है कि भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में गाजा में युद्धविराम प्रस्ताव पर मतदान से दूरी बनाई। भारत हमेशा से शांति, न्याय और इंसानी अस्मिता का समर्थक रहा है। फलस्तीन में 60 हजार से ज्यादा लोग मारे गए हैं और इनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं। हजारों लोग भूख से मर रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय मदद भी रोक दी गई है। यह मानवीय त्रासदी है। भारत ने हमेशा फलस्तीन का समर्थन किया है और यह सिद्धांतों की बात है न कि



रणनीति की, लेकिन आज शानदार विरासत को मलबे में बदल दिया गया है।'

**'गाजा की पूरी आबादी को भूख से मरने के लिए छोड़ दिया गया है'**
कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भी गाजा में युद्धविराम के प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहने पर भारत सरकार की आलोचना की। सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में प्रियंका गांधी वाड्रा ने लिखा कि भारत सरकार ने तब स्टैंड लेने से इनकार कर दिया, जब गाजा में 60 हजार लोग मारे जा चुके हैं और गाजा की पूरी आबादी को बंद करके रखा गया है। और उन्हें भूख से मरने के लिए छोड़ दिया गया है। प्रियंका गांधी ने लिखा कि ये शर्मनाक है कि हमारी सरकार न सिर्फ गाजा के मुद्दे पर चुप है बल्कि इस्त्राइल सरकार के ईरान पर हमले की भी खुशी मना रही है, जबकि ईरान के पूरे नेतृत्व को मार दिया गया है। कांग्रेस महासचिव ने सवाल किया कि देश, संविधान के सिद्धांतों और आजादी के मूल्यों को कैसे छोड़ सकता है। आज दुनिया में भेदभाव बढ़ रहा है, हमें मानवता के लिए आवाज उठानी चाहिए और सच्चाई और अहिंसा के साथ पूरी निडरता के साथ खड़े होना चाहिए।
प्रियंका गांधी ने कहा कि गाजा में भूख से मरने के लिए छोड़ दिया गया है।
प्रियंका गांधी ने लिखा कि ये शर्मनाक है कि हमारी सरकार न सिर्फ गाजा के मुद्दे पर चुप है बल्कि इस्त्राइल सरकार के ईरान पर हमले की भी खुशी मना रही है, जबकि ईरान के पूरे नेतृत्व को मार दिया गया है। कांग्रेस महासचिव ने सवाल किया कि देश, संविधान के सिद्धांतों और आजादी के मूल्यों को कैसे छोड़ सकता है। आज दुनिया में भेदभाव बढ़ रहा है, हमें मानवता के लिए आवाज उठानी चाहिए और सच्चाई और अहिंसा के साथ पूरी निडरता के साथ खड़े होना चाहिए।

## विदेश नीति पर कांग्रेस ने उठाए सवाल, खरगे ने पूछा- क्या हमने नैतिक कूटनीति छोड़ दी



**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**
कांग्रेस ने गाजा संघर्ष पर संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में प्रस्ताव से भारत के दूरी बनाए रखने को लेकर कड़ी आपत्ति जताई है।

### संयुक्त राष्ट्र महासभा में 149 देशों ने गाजा में संघर्षविराम के समर्थन में मतदान किया, जबकि भारत उन 19 देशों में शामिल था

सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में खरगे ने पूछा कि क्या भारत ने अपने लंबे समय से चले आ रहे नैतिक और गुटनिरपेक्ष कूटनीति के सिद्धांतों को त्याग दिया है उनका कहना है कि भारत हमेशा शांति, संवाद और न्याय का पक्षधर रहा है और पश्चिम एशिया में यही नीति उसकी पहचान रही है। उन्होंने यह भी कहा, ह्ल60 हजार से अधिक लोगों की मौत के बीच भारत का मूकदर्शक बने रहना न केवल चिंताजनक है, बल्कि यह उस नैतिक दायित्व से भी विमुख है जिसे भारत ने दशकों से निभाया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में 149 देशों ने गाजा में संघर्षविराम के समर्थन में मतदान किया, जबकि भारत उन 19 देशों में शामिल था जिन्होंने मतदान से परहेज किया। खरगे के अनुसार, यह कदम भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग कर देता है। उन्होंने याद दिलाया कि 8 अक्टूबर 2023 को कांग्रेस ने इजराइल पर हमास के हमलों की कड़ी निंदा की थी। साथ ही, पार्टी ने 19 अक्टूबर को गाजा में तुरंत संघर्षविराम और मानवीय सहायता की मांग की थी।

## बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के सचिव ने मार्सिले में सीएमए सीजीएम नेतृत्व से मुलाकात की

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**
भारत के बढ़ते समुद्री क्षेत्र को प्रदर्शित करते हुए बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्रालय (एमओपीएसडब्ल्यू) के सचिव टीके रामचंद्रन ने फ्रांस के मार्सिले में सीएमए सीजीएम के वैश्विक मुख्यालय का दौरा किया। मंत्रालय के अनुसार यह दौरा इस साल फरवरी में फ्रांस के अपने आधिकारिक दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सीएमए सीजीएम के साथ ऐतिहासिक बातचीत के सिलसिले में हुआ। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि इस यात्रा के दौरान सचिव टीके रामचंद्रन ने सीएमए सीजीएम समूह के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। रामचंद्रन ने उनको नौवहन, जहाज निर्माण, कंटेनर टर्मिनल, मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स और समुद्री औद्योगिक क्षमताओं में भारत में कंपनी की बढ़ती उपस्थिति और संचालन के बारे में जानकारी दी गई। सीएमए सीजीएम नेतृत्व ने फरवरी से अबतक अपनी भारत रणनीति के तहत पांच प्रमुख स्तंभों, भारतीय ध्वज वाले बेड़े का विस्तार, जहाज निर्माण सहयोग, अंतदेर्शीय रसद विकास, समुद्री औद्योगिक निवेश और नवाचार में हुई प्रगति के बारे में बताया। मंत्रालय ने बताया कि अपनी नौवहन पहलों के भाग के रूप में सीएमए सीजीएम ने अपने पहले भारतीय ध्वज वाले जहाजों सीसी विटोरिया और सीसी मनौस को हरी झंडी दिखाई है। इसके साथ ही गुजरात के गिफ्ट सिटी में एक नई भारतीय नौवहन इकाई की स्थापना की है। इसके अलावा जहाज निर्माण में समूह एलएनजी-संचालित कंटेनर जहाजों के लिए भारतीय जहाज निर्माण संस्थाओं के साथ आगे चर्चा कर रहा है, जबकि प्रमुख बंदरगाह और अंतदेर्शीय बुनियादी ढांचे में निवेश प्रगति पर है, जिसमें न्हावा शेवा फ्रीपोर्ट टर्मिनल के विस्तार के लिए 200 मिलियन डॉलर और वधावन पोर्ट परियोजना में भागीदारी शामिल है।
उल्लेखनीय है कि सीएमए सीजीएम वर्तमान में भारत में 2,200 से अधिक डिजिटल पेशेवरों को रोजगार दे रहा है। इसके साथ ही प्रमुख भारतीय शहरों में समुद्री अनुसंधान एवं विकास और नवाचार केंद्रों की स्थापना की संभावना तलाश रहा है।

## बीएसएनएल के बाद अब एमटीएनएल पर फोकस की तैयारी

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**
महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड की हालत खस्त चल रही है। लगातार कंपनी पर कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है। इसे लेकर संचार राज्य मंत्री डॉ. चन्द्रशेखर पम्मसानी का कहना है कि,सरकार टेलीकॉम कंपनी एमटीएनएल को फिर से मजबूत करने के प्रयास कर रही है। अधिकारियों की एक समिति समस्याओं को पहचान कर समाधान करने में जुटी हुई है। दरअसल,एमटीएनएल पर अभी के समय 33,500 करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज है। इसमें बैंक लोन, सॉवरेन गारंटीड बॉन्ड और टेलीकॉम डिपार्टमेंट से उधारी शामिल है। इसमें से लगभग 8,300 करोड़ रुपये पब्लिक सेक्टर बैंक को चुकाने हैं। जिसमें से ज्यादातर बैंकों ने डिफॉल्टर की कैटेगरी में डाल दिया है। इनमें इंडियन ओवरसीज बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक और पंजाब एंड सिंध बैंक जैसे लिस्टेड बैंक शामिल हैं। राज्यमंत्री का कहना है कि,वित्तीय दबाव को कम करने के लिए गैर व्यावसायिक संपत्ति को बेचने पर फोकस किया जा रहा है। सरकार ने इसके लिए दो साल की समय सीमा को भी घटाकर सिर्फ 6 से 8 महीने कर दिया है। साथ ही जो संपत्ति 100 करोड़ रुपये से ज्यादा के हैं उनके लिए नेशनल लैंड मॉनिटाइजेशन कॉर्पोरेशन की मदद ली जा रही है।
केंद्रीय संचार मंत्री सिंधिया और मैं एसेट्स मोनेटाइजेशन के प्रोसेस को बारीकी से निगरानी कर रहे है।

## वायुसेना प्रमुख बोले- ऑपरेशन सिंदूर भारतीय वायुसेना के अद्वितीय पराक्रम का ताजा प्रमाण

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**
वायुसेना प्रमुख एपी सिंह ने शनिवार को कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर भारतीय वायुसेना के अद्वितीय पराक्रम का एक ताजा प्रमाण है। इस ऑपरेशन ने दुश्मन पर त्वरित, सटीक और निर्णायक प्रहार करने की भारतीय वायुसेना की क्षमता को प्रदर्शित किया है।
हैदराबाद स्थित वायुसेना अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड के दौरान एयर चीफ मार्शल सिंह ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर ने सशस्त्र बलों के बीच असाधारण समन्वय, तालमेल और एकीकरण



को प्रदर्शित किया है। ऑपरेशन सिंदूर वायुसेना के अद्वितीय पराक्रम का एक शानदार उदाहरण है। इसे भारतीय वायुसेना के भविष्य के रूप में आपको समझना होगा कि वायुसेना हमेशा से ही सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाली रही है और रहेगी। भारतीय नागरिकों की ओर से वायुसेना पर जताए गए विश्वास पर खरा उतरना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है और हमें इसके लिए तैयार रहना चाहिए। एयर चीफ मार्शल ने कहा कि वायुसेना तेजी से एक एयरोस्पेस बल के रूप में विकसित हो रही है। कई युवा अधिकारी अंतरिक्ष में राष्ट्र की अगुवाई करेंगे। इन चुनौतियों के लिए उन्हें अपने काम के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध, केंद्रित और जुनूनी बनना पड़ेगा। उन्होंने स्नातक अधिकारियों को स्वस्थ जीवन शैली के माध्यम से शारीरिक और मानसिक फिटनेस व व्यक्तित्व विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी प्रेरित किया।

## पुरी जगन्नाथ मंदिर ने एएसआई से की अपील, रथ यात्रा से पहले 'रत्न भंडार' की मरम्मत पूरी करें



**भुवनेश्वर/लोक प्रेरणा**
ओडिशा के पुरी में मौजूद श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से अनुरोध किया है कि वह मंदिर के 'रत्न भंडार' की मरम्मत का काम आगामी रथ यात्रा के दौरान ही पूरा कर ले, जब भगवान जगन्नाथ और उनके भाई-बहन नौ दिनों के लिए मंदिर से बाहर रहेंगे।

**क्या है रत्न भंडार और क्यों है चर्चा में**
रत्न भंडार श्री जगन्नाथ मंदिर का वह कक्ष है जहां भगवान के गहने और कीमती वस्तुएं रखी जाती हैं। यह भंडार 46 साल बाद जुलाई 2024 में खोला गया था, जब एएसआई ने उसकी मरम्मत और संरक्षण का कार्य शुरू किया था।
एसजेटीए प्रशासक ने **एएसआई** महानिदेशक को लिखा पत्र
मामले में एसजेटीए के मुख्य प्रशासक और आईएएस अधिकारी अरविंद पदी ने एएसआई के महानिदेशक यदुबीर सिंह रावत को पत्र लिखकर कहा है कि 28 जून से 6 जुलाई के बीच, जब भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा रथ यात्रा पर गुंडिचा मंदिर में रहेंगे, उस दौरान रत्न भंडार की बची हुई मरम्मत पूरी कर ली जाए। बता दें कि, रथ यात्रा इस वर्ष 27 जून को होगी।

**पिछले वर्ष भी रथ यात्रा के दौरान खुला था रत्न भंडार**
पिछले साल भी रथ यात्रा के दौरान जब देवता मंदिर में नहीं थे, तब रत्न भंडार खोला गया था। वहीं अपने पत्र में अरविंद पदी ने एएसआई को कई अन्य बिंदुओं पर भी निर्देश दिए हैं। जैसे- गर्भगृह का निरीक्षण किसी वरिष्ठ अधिकारी (उप निदेशक या निदेशक स्तर) की तरफ से कराया जाए। अरुण स्तंभ के पास खोंडालाइट पत्थर को सफलतापूर्वक बदलने और अब तक के संरक्षण कार्य के लिए एएसआई को धन्यवाद दिया गया।

## मणिपुर: कई घाटी जिलों में 328 हथियार बरामद

**इंफाल/लोक प्रेरणा**
मणिपुर में हिंसा पर काबू पाने और सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए चलाए गए एक बड़े अभियान में सुरक्षा बलों ने 328 हथियार बरामद किए हैं। यह तलाशी अभियान मणिपुर पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल सेना और असम राइफल्स की संयुक्त टीमों ने घाटी के पांच जिलों में चलाया। मणिपुर पुलिस के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ल्हारी दोरजी ल्हातू ने बताया कि यह अभियान 13 और 14 जून की रात को शुरू किया गया था। उन्होंने बताया, संवेदनशील पांच घाटी



जिलों के बाहरी क्षेत्रों में खुफिया जानकारी के आधार पर यह अभियान चलाया गया था। अभियान के दौरान 151 एसएलआर राइफल, 65 इनसास राइफल, 73 अन्य प्रकार की राइफलें, 5 कार्बाइन गन, 2 एमपी-5 गन समेत भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक और युद्धक सामग्री बरामद की गईं। उन्होंने इसे शांति बहाली की दिशा में एक "महत्वपूर्ण सफलता" करार दिया और कहा कि इससे राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। इससे पहले, भारतीय सेना और असम राइफल्स ने 'स्पीयर कॉर्प्स' के तहत मणिपुर पुलिस, सीआरपीएफ, बीएसएफ और आईटीबीपी के साथ मिलकर 26 मई से 5 जून के बीच कांगपोकपी, थौबल, ककचिंग, तेंगनौपाल, बिष्णुपुर, जिरीबाम, इंफाल ईस्ट और इंफाल वेस्ट जिलों में भी खुफिया सूचनाओं पर आधारित अभियान चलाया था।

## नीलांबुर उपचुनाव: भाजपा बोली- तुष्टीकरण के लिए माकपा और कांग्रेस एक-दूसरे से कर रहीं प्रतिस्पर्धा

**नई दिल्ली**
केरल के नीलांबुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस और माकपा पर निशाना साधते हुए इस पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव अनिल के एंटनी ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस और माकपा इंडी गठबंधन में हैं। केरल में वे भाजपा को दूर रखने के लिए एक दिखावटी लड़ाई में हैं। माकपा और कांग्रेस तुष्टीकरण के लिए एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। अनिल ने एक्स पोस्ट में कहा कि नीलांबुर विधानसभा सीट वायनाड लोकसभा सीट के अंतर्गत आती है। प्रियंका गांधी वहां से सांसद हैं। कांग्रेस अब खुलेआम वेलफेयर पार्टी का समर्थन ले रही है। यह वेलफेयर पार्टी जमात-ए-इस्लामी की राजनीतिक शाखा है, जो एक वैश्विक और इस्लामी संगठन है।

## अहमदाबाद विमान दुर्घटना: वायरल वीडियो बनाने वाले किशोर का पुलिस ने दर्ज किया बयान

**अहमदाबाद/लोक प्रेरणा**
अहमदाबाद में हुई भयावह एअर इंडिया विमान दुर्घटना का वीडियो एक 17 साल के लड़के ने अपने मोबाइल फोन से रिकॉर्ड किया था। जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। अहमदाबाद पुलिस ने अब इस किशोर का गवाह के रूप में बयान दर्ज किया है। अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने एक प्रेस विज्ञप्ति में पुष्टि की कि किशोर का बयान गवाह के रूप में लिया गया है। आर्यन असारी नाम का यह किशोर अपने घर की छत पर खड़ा होकर वीडियो बना था। आर्यन नियमित तौर पर, उड़ान भरने वाले विमान का वीडियो बनाता है, लेकिन दुर्भाग्य से इस वीडियो में इतिहास की सबसे बुरी विमान दुर्घटनाओं में से एक दुर्घटना कैद हो गई। गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन के लिए रवाना हुआ विमान सरदार वल्लभभाई पटेल हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत



बाद एक मेडिकल कॉलेज परिसर की इमारत से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में विमान में सवार 242 में से 241 यात्रियों और कई अन्य लोगों की मौत हो गई।

**पुलिस ने किशोर की गिरफ्तारी की अटकलों को किया खारिज**
पुलिस ने इस अटकल को भी खारिज कर दिया कि वीडियो के सिलसिले में उसे हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने कहा, इस वीडियो को बनाने के लिए किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। मोबाइल वीडियो की स्क्रीन रिकॉर्डिंग वायरल हुई है।
वीडियो बनाने वाले नाबालिग ने पुलिस को वीडियो का विवरण दिया है। वह अपने पिता के साथ गवाह के तौर पर बयान दर्ज कराने आया था। फिर लड़के को उसके पिता के साथ भेज दिया गया। किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है, न ही हिरासत में लिया गया है।

**दुर्घटना रिकॉर्डिंग शुरू करने के 24 सेकेंड बाद हुई**
आर्यन ने कहा कि दुर्घटना रिकॉर्डिंग शुरू करने के 24 सेकेंड बाद हुई। उन्होंने कहा, मैंने जो कुछ देखा, उससे मैं बहुत डर गया। मेरी बहन ने सबसे पहले मेरा वीडियो देखा और पिता को जानकारी दी। मुझे नहीं पता था कि विमान दुर्घटनाग्रस्त हो जाएगा। आर्यन की बहन ने कहा कि वह बहुत डर गया था और इस क्षेत्र में नहीं रहना चाहता था क्योंकि यह बहुत खतरनाक घटना थी। बहन ने कहा, वह ठीक से बोल भी नहीं पा रहा था। आर्यन का परिवार किराये के मकान में रहता है।

## दुकान की पुरानी बैटरी चोरी, केस दर्ज

लोक प्रेरणा

**लोहारू।** बीती रात्रि को देवीलाल चौक स्थित जांगड़ा इलेक्ट्रॉनिक्स से चोरों द्वारा बैटरी चुराने का मामला संज्ञान में आया है। पीड़ित दुकानदार ने मामले की शिकायत स्थानीय थाने में दी है। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस को दी शिकायत में राजू निवासी पथरवा ने बताया कि उसने देवीलाल चौक पर किराए पर दुकान लेकर बैटरी की दुकान कर रखी है। दुकान के पीछे वाली खाली जगह में पुरानी बैटरी रखी हुई हैं जहां से बीती रात्रि को चोरों ने 2 बैटरी चुरा ली। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

## शरीरदान कर महादानी बन गए हरिंद्र इन्सां

एकजोत



**कुरुक्षेत्र।** डेरा सच्चा सौदा के अनुयायी पिपली निवासी हरिंद्र इन्सां मर कर भी अमर हो गए हैं। अब 48 वर्षीय हरिंद्र कुमार इन्सां का नाम शरीरदानियों में गिना जाएगा। बता दें कि हरिंद्र कुमार इन्सां का शुक्रवार को देहांत हो गया था। उन्होने जीते जी ही शरीरदान करने का फार्म डेरा सच्चा सौदा मे भरा हुआ था। उनकी इच्छा अनुसार हरिंद्र इन्सां के शरीर का दान परिजनों द्वारा किया गया। उनके शरीर को एनसी मेडिकल कॉलेज इसराना पानीपत में भेजा गया है, ताकि मेडिकल के विद्यार्थी उनके शरीर पर शोध कर सकें। शुक्रवार देर सायं जैसे ही उनकी देह को दान के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा जा रहा था, तो मौजूद लोगों ने नम आंखों से उन्हे विदाई दी व शरीरदानी हरिंद्र इन्सां अमर रहे के नारों से आसमान गुंजायमान हो गया। शरीरदानी हरिंद्र इन्सां के जीजा अशोक माटा ने बताया कि शुक्रवार को हरिंद्र की मृत्यु हो गई। उन्होने जीते जी शरीरदान का फार्म भरा हुआ था। ऐसे मे उनकी इच्छा के अनुसार उनके शरीर का दान किया गया है। वे करियाणा की दुकान चला कर अपना जीवन यापन कर रहे थे। पारिवारिक सदस्य सौरभ माटा, बिमला देवी व सिमरन समेत अन्य लोगों ने हरिंद्र इन्सां को अंतिम विदाई दी।

## होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया की हरित भविष्य की दिशा में देशव्यापी पहल



लोक प्रेरणा

**करनाल।** होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया ने पर्यावरण सप्ताह 2025 के तहत 5 जून (विश्व पर्यावरण दिवस) से देशभर में अपनी डीलरशिप नेटवर्क पर कई पर्यावरण जागरूकता और सस्टेनेबिलिटी-केंद्रित गतिविधियाँ आयोजित कीं। इस पहल का उद्देश्य लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और ज़िम्मेदार व्यवहार को प्रोत्साहित करना था।

यह अभियान गाज़ियाबाद स्थित हिंदन होंडा डीलरशिप पर एक विशेष कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ, जिसमें एचएमएसआई के वरिष्ठ अधिकारियों झ्र श्री शशांक रजदान (जनरल मैनेजर, रीजनल बिजनेस - सेंट्रल) और श्री रविकुमार अन्नासाहेब फिरगण्णावर (जनरल मैनेजर, रीजनल बिजनेस - सेंट्रल कस्टमर सर्विस) झ्र ने भाग लिया।

इस वर्ष के विश्व पर्यावरण दिवस की थीम ह्यप्लास्टिक प्रदूषण को हराओह्न ने एचएमएसआई की जमीनी गतिविधियों की दिशा तय की। सप्ताहभर चलने वाले इस अभियान के तहत, एचएमएसआई की डीलरशिप्स और सर्विस आउटलेट्स ने देशभर में ग्राहकों और स्थानीय समुदायों के साथ सक्रिय भागीदारी की।

मुख्य गतिविधियों में डीलरशिप पर आने वाले सभी ग्राहकों को पौधों का वितरण, प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्परिणामों पर जागरूकता अभियान, और देश के कई शहरों और कस्बों में 1,25,000 से अधिक पौधारोपण शामिल रहे। इसके अलावा, वाहनों के अधिक स्वच्छ और कुशल उपयोग को बढ़ावा देने के लिए निःशुल्क पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल (ढवउ) चेक-अप कैंप भी आयोजित किए गए।

एचएमएसआई अपने प्लांट्स और संचालन इकाइयों में क्लीन टेक्नोलॉजी और संसाधन दक्षता को बढ़ावा देते हुए, स्थायी निर्माण प्रथाओं को मजबूती दे रही है। पर्यावरण सप्ताह के तहत चलाए गए इस राष्ट्रव्यापी अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों, डीलरों, कर्मचारियों और नेतृत्व की सामूहिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना रहा – ताकि एक स्वच्छ, हरित और टिकाऊ भविष्य की नींव रखी जा सके।

## एईएसएल फरीदाबाद की अविका ने नीट यूजी 2025 में हासिल की एआईआर 5



लोक प्रेरणा

**फरीदाबाद।** देश की प्रमुख टेस्ट प्रिपरेशन संस्था आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने आज गर्वपूर्वक घोषणा की कि फरीदाबाद की अविका अग्रवाल ने नीट यूजी 2025 परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 5 प्राप्त कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह असाधारण सफलता अविका की प्रतिबद्धता, शैक्षणिक अनुशासन और एईएसएल द्वारा प्रदान की गई विश्वस्तरीय कोचिंग व मार्गदर्शन का परिणाम है। यह परीक्षा परिणाम आज नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित किए गए।

अविका एईएसएल के क्लासरूम प्रोग्राम की छात्रा रही हैं, जिसे विशेष रूप से नीट जैसी कठिन और प्रतिस्पर्धी मेडिकल प्रवेश परीक्षा के लिए तैयार किया गया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय एईएसएल द्वारा दी गई मजबूत शैक्षणिक नींव, संकल्पनाओं की स्पष्टता और अनुशासित व निरंतर अध्ययन पद्धति को दिया।

अपनी उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए अविका ने कहा, मैं आकाश की बहुत आभारी हूं। इस पूरी यात्रा में मुझे जो मार्गदर्शन, सुव्यवस्थित स्टडी मैटेरियल, विशेषज्ञ शिक्षकों का सहयोग और व्यक्तिगत मेंटरिंग मिली, उसने जटिल विषयों को समझने और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने में मेरी बेहद मदद की। एईएसएल के बिना यह सफलता संभव नहीं थी।

एईएसएल के चीफ अकादमिक व बिजनेस हेड डॉ. यश पाल ने अविका सहित सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा, नीट यूजी 2025 में हमारे छात्रों की शानदार सफलता पर हमें बेहद गर्व है। यह परीक्षा पूरे देश से लाखों छात्रों की भागीदारी के साथ होती है और उसमें टॉप रैंक हासिल करना निश्चित ही कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। इन सफलताओं के पीछे न केवल छात्रों की मेहनत बल्कि उनके माता-पिता का सहयोग और हमारे शिक्षकों की प्रतिबद्धता भी है। हम अविका को उनके उज्ज्वल चिकित्सा करियर के लिए ढेरों शुभकामनाएं देते हैं।

# प्रयास-एक कोशिश सामाजिक संगठन ने 9वें स्थापना दिवस पर सब फायर स्टेशन में लगाया वॉटर कूलर

### गर्मी के मौसम में शीतल जल प्रबंधन करना पुनीत कार्य: एसडीएम

लोक प्रेरणा



**लोहारू।** शनिवार को प्रयास-एक कोशिश सामाजिक संगठन द्वारा संगठन के 9 वें स्थापना दिवस पर सब फायर स्टेशन में वाटर कूलर लगाया गया। इस कार्य का शुभारंभ एसडीएम मनोज दलाल ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में ठंडे जल का प्रबंध करना पुनीत कार्य है और हमें इस प्रकार के सामाजिक कार्यों में सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष प्रदीप कुमार तायल ने की। उन्होंने कहा कि प्रयास-एक कोशिश सामाजिक संगठन पिछले कई वर्षों से अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को निभा रहा है और अन्य साथियों के लिए प्रेरणा का कार्य कर रहा है। संगठन के सभी सदस्य जो पिछले 9 वर्षों से सामाजिक कार्य कर रहे हैं इसके लिए बधाई के पात्र हैं। नपा चेयरमैन प्रदीप तायल ने कहा कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और समाज हित के कार्यों में हम सभी को बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। प्रयास संगठन विभिन्न सामाजिक गतिविधियों को संचालित कर रहा है जिसका लाभ आमजन को मिलता है। नगरपालिका इस प्रकार के सामाजिक कार्यों में हरसंभव सहयोग के सदैव तत्पर है। वॉटर कूलर के उद्घाटन के बाद फायर स्टेशन परिसर में एसडीएम मनोज कुमार दलाल, नगरपालिका अध्यक्ष प्रदीप कुमार तायल व अन्य सदस्यों ने पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। स्टेट अवॉर्डी प्रवक्ता श्याम सुंदर सांगवान ने इस कार्य को समाज हित का कार्य बताते हुए संगठन के कार्यों की प्रशंसा की।

कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए प्रधान महेन्द्र कथूरिया, संस्थापक मास्टर पवन स्वामी और कोषाध्यक्ष डॉ. उमेद जांगिड़ ने बताया कि उनका संगठन पिछले नौ सालों से प्रतिभा सम्मान, खुशियों की दीवार, निःशुल्क बुक बैंक, पौधारोपण, जल संरक्षण, पक्षियों के लिए परिंडा अभियान जैसे अनेकों अभियान चला रहा है जिन्हें आमजन और गणमान्य लोगों का भरपूर सहयोग मिलता है। वॉटर कूलर लगाकर आमजन को समर्पित किया है उसका लाभ आसपास की बस्ती में रहने वाले लोगों को मिलेगा। भविष्य में भी समाज हित के कार्य लगातार जारी रहेंगे। कार्यक्रम में पार्षद अशोक सैनी, पार्षद अजय शर्मा, पार्षद सुनील सोलंकी, पार्षद अंतर सिंह, पार्षद प्रतिनिधि नरेश बड़सीवाल, पार्षद प्रतिनिधि रामबीर, पार्षद प्रतिनिधि अश्वनी सैनी, पूर्व सब इंस्पेक्टर मन्नूराम स्वामी भी शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में संगठन सदस्य अजय शर्मा, सरपंच राकेश शर्मा, अमित वालिया, रविन्द्र कसवां, मास्टर प्रवेश श्योराण, कुलदीप स्वामी, शशि जैन, रिंकू प्रजापत, मास्टर राजेश वर्मा, एसएसजे फाउंडेशन से अनिल जोशी, शहीद भगत सिंह कल्याण समिति प्रधान जगदीश जायलवाल ने अपना योगदान दिया।

# तोशाम के वार्ड 4 व 19 के निवासियों ने बिजली न आने से परेशान होकर तोशाम बिजली बोर्ड का मुख्य द्वार किया बंद

### करीबन 1 घंटे बाद एसडीओ ने आकर खुलवाया गेट

लोक प्रेरणा



**तोशाम।** तोशाम के वार्ड नंबर 4 व 19 के निवासियों ने पिछले तीन दिनों से रात दस बजे से सुबह 10 बजे तक लाईट नहीं आने से परेशान होकर शनिवार को तोशाम बिजली बोर्ड का मुख्य द्वार बंद कर दिया और गेट पर बैठकर नारेबाजी के साथ विरोध प्रदर्शन किया। इसके करीबन एक घन्टे बाद विभाग के एसडीओ ने मौके पर पहुंचकर गेट खुलवाया। इस दौरान ग्रामीणों ने बिजली प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इस मौके पर मौजूद ग्रामीण निशांत सोनी, महेंद्र, रविन्द्र चौहान, बजरंग, आकाश, मुकेश, अभिजीत, भागू पंघाल ने बताया कि इस भीषण गर्मी में बिजली नहीं आने से उन्हें बहुत ज्यादा परेशानी हो रही है। पिछले दिनों रात के समय बिजली नहीं आने के करण बच्चे व ग्रामीण सो नही पाए। जिसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने शनिवार को सुबह बिजली निगम कार्यालय का मुख्य द्वार बंद कर दिया। गुस्साए ग्रामीणों ने इस मौके पर बिजली निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सूचना के बाद एसडीओ मौके पर पहुंचे। एसडीओ ने लोगो को आश्वस्त कर गेट खुलवाया। इस बारे में एसडीओ चेतन ने बताया कि एक दो दिन से केबल में दिक्कत थी अब केबल बदलवा दी गई है जिससे अब बिजली सुचारू रूप से चल रही है। ज्यादा गर्मी के कारण यह दिक्कत थी।

# कुरुक्षेत्र में योग मैराथन का यादगार और ऐतिहासिक आयोजन आज

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी राज्य स्तरीय योग मैराथन को देंगे हरी झंडी

एकजोत

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा खेल विभाग के महानिदेशक एवं अंबाला मंडल आयुक्त संजीव वर्मा ने कहा कि कुरुक्षेत्र ब्रह्मसरोवर पर राज्य स्तरीय योग मैराथन को ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए प्रशासन और खेल विभाग की तरफ से तमाम प्रबंध पूरे किए है। इस राज्य स्तरीय योग मैराथन को 15 जून को सुबह 6 बजे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरी झंडी देकर रवाना करेंगे। इस राज्य स्तरीय योग मैराथन में हजारों धावक योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा के लिए दौड़ लगाएंगे। अहम पहलू यह है कि इस मैराथन के पहले 20 प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। हरियाणा खेल विभाग के महानिदेशक एवं अंबाला मंडल आयुक्त संजीव वर्मा व उपायुक्त नेहा सिंह शनिवार को ब्रह्मसरोवर और रूट पर योग मैराथन की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने पुलिस को कानून व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था और वाहनों का रूट डायवर्जन करने के निर्देश दिए। हरियाणा खेल विभाग के महानिदेशक एवं अंबाला मंडल आयुक्त संजीव वर्मा ने कहा कि 15 जून को सुबह 6 बजे योग मैराथन का आयोजन किया जाएगा। जिन युवाओं ने मैराथन में हिस्सा लेना है वे गूगल फॉर्म से आवेदन कर सकते हैं।

# लोहारू रेलवे स्टेशन पर जीआरपी व आरपीएफ चलाया संयुक्त जांच अभियान

### -यात्रियों को रेल नियमों के प्रति किया जागरूक

लोक प्रेरणा



**लोहारू।** शनिवार को स्थानीय रेलवे जंक्शन पर जीआरपी व आरपीएफ ने संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया। आगामी 21 जून को योग अंतर्राष्ट्रीय दिवस दिवस के मध्यनजर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया।

इस दौरान रेल परिसर में यात्रियों को रेल नियमों के प्रति और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जागरूक किया। आरपीएफ चौकी इंचार्ज एसआई पूनम सैनी ने बताया कि सुरक्षा के मध्यनजर यह अभियान चलाया गया है। रेलवे स्टेशन परिसर व बाहर जांच अभियान चलाया जांच अभियान के दौरान रेलवे पुलिस कर्मियों के साथ यात्रियों के सामान की जांच की तथा रेलवे पार्किंग में वाहनों की भी जांच की। इस दौरान यात्रियों को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पर्वों पर आतंकी किसी भी अप्रिय वारदात को अंजाम देने की फिराक में रहते हैं ऐसे में यदि रेलवे स्टेशन व अन्य किसी स्थान पर कोई व्यक्ति संदिग्ध दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। क्योंकि लावारिस बैग में कोई विस्फोट सामग्री भी हो सकती है। इस दौरान उन्होंने रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों में भी जांच अभियान चलाया तथा यात्रियों को सुरक्षा दृष्टि से आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उनके साथ आरपीएफ के श्यामसुंदर, ओमप्रकाश, अब्दुल वाहिद, कंचन,शीशराम, विनोद, जॉनी बीरमती आदि उपस्थित रहे।

# सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी चली अपने दादा पूर्व सीएम स्व. चौ. बंसीलाल की राह पर

### 78 रैंडम सैंपलिंग में 18 फेल पाए जाने पर मंत्री श्रुति चौधरी ने 74 अधिकारियों को किया चार्जशीट

लोक प्रेरणा



**भिवानी।** प्रदेश की जल संसाधन एवं सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी अपने दादा पूर्व मुख्यमंत्री चौ. बंसीलाल व पिता पूर्व मंत्री चौ. सुरेंद्र सिंह के दिखाए मार्ग पर चलते हुए तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टोलरेंस की नीति को अपनाते हुए अपने कार्य में कोताही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठा रही है तथा भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाने के उद्देश्य से जमीनी स्तर पर कार्य कर रही है। इसी कड़ी में मंत्री श्रुति चौधरी ने 74 अधिकारियों को चार्जशीट किया है, जिसमें जल संसाधन एवं सिंचाई विभाग के जेई, एसडीओ, एक्सईन व दो चीफ इंजीनियर शामिल है। जल संसाधन एवं सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने सिंचाई विभाग द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यो की सैंपल जांच के आदेश दिए थे, जिसके तहत 78 रैंडम सैंपलिंग लिए गए थे, जिनमें से 18 सैंपल फेल पाए, जिनमें कंक्रटी एवं पाईप आदि के सैंपल थे जिस पर मंत्री

## शांतनु मर्डर मामले में आरोपियों को जल्द किया जाएगा गिरफ्तार: डीएसपी



एकजोत

**कुरुक्षेत्र।** शाहबाद में शांतनु मर्डर मामले में आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस की करीब 7 कई टीमें आरोपियों की तलाश में लगाई गई हैं। जानकारी देते हुए उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सुनील कुमार ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 8 बजे पुलिस को सूचना मिली कि दिल्ली-चंडीगढ़ नैशनल हाईवे-44 पर मारकंडा पुल के पास स्तिथ मीना मार्केट के पास एक व्यक्ति पर गोली चलाई गई हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौका पर पहुंची। पुलिस ने मौका पर पहुंचकर घायल को आदेश मैडिकल हस्पताल पहुंचाया जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान मूल रुप से वासी हाल वासी शाहबाद शराब कारोबारी शांतनु के रुप में हुई। पुलिस की सीन आफ क्राईम टीम ने मौका पर पहुंचकर छानबीन की। आरोपी अपनी मोटरसाइकिल छोड़कर नेशनल हाईवे की दूसरी तरफ भागे। आरोपियों ने एक राहगीर से हथियार की नोक पर मोटर साईकिल छीनी और फरार हो गए। सूचना पर पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल सहित अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस अधीक्षक ने जिला कुरुक्षेत्र और साथ लगते जिलों में तुरन्त नाकाबंदी करके आरोपियों को तलाश करने के आदेश दिए। पुलिस अधीक्षक ने अपराध अन्वेषण शाखा-1 व शाखा-2 साहित कई टीमों का गठन करके सर्च अभियान चलाने तथा आरोपियों को शीघ्र पकड़ने के आदेश दिए। शनिवार को मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के हवाले किया गया।

## जाट सभा कुरुक्षेत्र ने अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अक्षिर सिंह कुश को किया सम्मानित



एकजोत

**कुरुक्षेत्र।** जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में जाट सभा के सदस्यों द्वारा स्के मार्शल आर्ट के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अक्षिर सिंह कुश को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जाट सभा के प्रधान कृष्ण श्योकन्द और अन्य सदस्य मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि अक्षिर सिंह कुश पिछले दस वर्षों से स्के मार्शल आर्ट का अभ्यास कर रहे हैं और राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर कई प्रतियोगिताओं में भाग है लेकर पदक जीत चुके हैं। उन्होंने गत वर्ष ताशकन्द (उज्बेकिस्तान) में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित विश्व स्के चैंपियनशिप में 5 से 8 नवम्बर 2024 को भाग लेकर रजत पदक जीता और देश का मान बढ़ाया था। इस महत्वपूर्ण और गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया व खेल मंत्रालय की सचिव सुजाता चतुवेर्दी ने उनको सम्मानित भी किया था।

## गर्मी व हीट वेव से बचाव के लिए लोग जरूर बरतें एहतियात : डॉ. नैन, दोपहर 12 से सायं 03 बजे के बीच धूप में सीधे न जाए

लोक प्रेरणा

**तोशाम।** एसडीएम डॉ. अशवीर सिंह नैन ने कहा कि आमजन को गर्मी के मौसम के मद्देनजर हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़े हुए तापमान से लू व हीट वेव का खतरा बढ़ रहा है, खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाडि?ों, पढने वाले बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम सब लू से बचे रहें। यानी हीट वेव से बचाव इलाज से बेहतर है।

एसडीएम डॉ. नैन ने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि हीट वेव से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें, गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें,

**पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं...**

भले ही प्यास न लगी हो, ओआरएस (ओरल रीहाइड्रेशन सॉल्यूशन), घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का मांड) नींबू पानी, छाछ आदि का भरपूर सेवन कर तरोताजा रहें। बच्चों को वाहनों में अकेले छोडकर न जाएं उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है, नंगे पांव बाहर न जाने दें, गर्मी से राहत के लिए हाथ का पंखा अपने पास जरूर रखें, काम के बीच में थोड़ा-थोड़ा विश्राम लें, खेत व खलीहान में काम कर रहे हैं, तो समय-समय पर पेड़ या छाया में आसरा अवश्य लें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन कतई ना करें। ताजे फल, सलाद तथा हरी सब्जिया और घर में बना खाना खाएं। खासतौर से दोपहर 12 बजे से सायं 03 बजे के बीच धूप में सीधे न जाए। यदि बच्चे को चक्कर आए, उल्टी घबराहट अथवा तेज सिरदर्द हो, सीने में दर्द हो अथवा सांस लेने में कठिनाई हो तो तुरंत चिकित्सक को दिखाएं और उनके परामर्श से ही उन्हें खाने पीने की वस्तुएं दें।

एसडीएम डॉ. नैन ने बताया कि बढ़ती गर्मी में वृद्ध एवं कमजोर व्यक्तियों की खास देखभाल करें, तेज गर्मी, खासतौर से जब वे अकेले हों, तो कम से कम दिन में दो बार उनकी जांच करें, ध्यान रहे कि उनके पास फोन हो, यदि वे गर्मी से बैचेनी महसूस कर रहे हों तो उन्हें ठंडक देने का प्रयास करें, उनके शरीर को गीला रखें, उन्हें नहलाएं अथवा उनकी गर्दन तथा बगलों में गीला तौलिया रखें,उनके शरीर को ठंडक देने के साथ साथ डॉक्टर अथवा एम्बुलेंस को बुलाएं, उन्हें अपने पास हमेशा पानी की बोतल रखने के लिए कहें। पशु पालन एवं डेयरी विभाग के उपमंडल अधिकारी डॉ. सुनील शर्मा ने बताया कि पालतू जानवरों को छाया में रखें और उन्हें पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें, उन्हें घर के भीतर रखें, पीने के पानी के दो बाउल रखें। ताकि एक में पानी खत्म होने पर दूसरे से वे पानी पी सकें, यदि उन्हें घर के भीतर रखा जाना संभव न हो तो उन्हें किसी छायादार स्थान में रखें, जहां वे आराम कर सकें। ध्यान रखें कि जहां उन्हें रखा जाए वहां दिनभर छाया रहे, अपने पालतू जानवर का खाना धूप में न रखें, जानवरों को किसी बंद जगह में न रखें, यदि आपके पास कुत्ता है तो उसे गर्मी में न टहलाएं, उन्हें सुबह और शाम को घुमाएं जब मौसम ठंडा हो, कुत्ते को गर्म सतह (पटरी, तारकोल की सडक, गर्म रेत) पर न टहलाएं, किसी भी स्थिति में जानवर को वाहन में न छोड़ें।

# भारत में अगले 6 महीनों में महंगाई दर औसतन 2.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद

**नई दिल्ली ।** भारत में महंगाई दर अगले छह महीनों में औसतन 2.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, जो आरबीआई के 3.5 प्रतिशत के पूर्वानुमान से कम है। यह जानकारी एचएसबीसी की शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई।

एचएसबीसी ग्लोबल रिसर्च के अनुसार, "हमें लगता है कि कम मुद्रास्फीति के आंकड़े पिछले साल के उच्च आधार के कारण हैं। जून के पहले 10 दिनों में सब्जियों की कीमतों में 0-13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।"

मानसून का मौसम जल्दी शुरू हो गया, लेकिन उसके बाद से बारिश धीमी हो गई है। इसके बावजूद, गर्मियों की फसल, खासकर चावल और दालों की बुवाई अच्छी चल रही है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल के मजबूत अनाज उत्पादन का मतलब है कि अन्न भंडार भरे हुए हैं और सरकार 2 साल की अवधि में अनाज की मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए स्टॉक को धीरे-धीरे जारी करने का विकल्प चुन सकती है।

हेडलाइन और कोर मुद्रास्फीति (सोने को छोड़कर) 2.8 प्रतिशत पर है, जो केंद्रीय बैंक के 4 प्रतिशत लक्ष्य से काफी नीचे है, जबकि खाद्य कीमतों में गिरावट जारी है। खाद्य कीमतें लगातार पांचवें महीने भी अपस्फीति में रहीं, जो मासिक आधार पर 0.2 प्रतिशत कम है। फलों, अंडे, मछली, मांस और चीनी की कीमतों में क्रमिक गति भी सौम्य थी।

सोने की ऊंची कीमतों ने कोर मुद्रास्फीति को ऊंचा रखा है।

सीपीआई बास्केट में सोने की हिस्सेदारी 1.1 प्रतिशत है। हाल के महीनों में पीली धातु की कीमत में 30 प्रतिशत से अधिक




की वृद्धि हुई है। सोने को छोड़कर, कोर मुद्रास्फीति सालाना आधार पर 3.5 प्रतिशत रही।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है, "अगर सोने की कीमतें 2025 की दूसरी छमाही में गिरती हैं (जैसा कि हमारी कमोडिटी टीम का पूर्वानुमान है), तो कोर मुद्रास्फीति तेजी से गिर सकती है। इसके अलावा, 2025 की शुरूआत की तुलना में मजबूत रुपया और कमोडिटी की गिरती कीमतें संकेत देते हैं कि आने वाले महीनों में कोर मुद्रास्फीति कम रहने की संभावना है।"

एचएसबीसी की रिपोर्ट में कहा गया है, "हमारा अनुमान है कि अगस्त और अक्टूबर की आरबीआई एमपीसी बैठकों में रेट कट को लेकर कुछ ठहराव आएगा। हालांकि, हमारा मानना ??है कि आरबीआई दिसंबर की बैठक में अंतिम 25 बीपीएस की कटौती करेगा, जिससे 2025 के अंत तक रेपो रेट 5.25 प्रतिशत हो जाएगी।"

## दिल्ली के समयपुर बादली में दस साल की मासूम बच्ची से पड़ोसी ने किया दुष्कर्म

**लोक प्रेरणा**



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के समयपुर बादली इलाके में पड़ोस के फ्लैट में पानी लेने गई एक दस वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस घिनौनी हरकत के मामले में (35 वर्षीय) आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बच्ची परिवार के साथ बादली इलाके में किराए के फ्लैट में रहती है।

दरअसल दस साल की पीड़िता सोमवार को पड़ोस के फ्लैट में ठंडा पानी लेने के लिए गई थी। इस दौरान उसका छोटा भाई भी साथ में था। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि अंकल ने पहले दोनों को गुड़ खाने के लिए दिया। फिर उसके छोटे भाई को घर भेजकर उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना से सहमी मासूम बच्ची ने दो दिनों तक अपने परिजन को कुछ नहीं बताया। लेकिन गुरुवार को बच्ची को परेशान देख मासूम की मां ने पूछा, तो उसने पूरी आप बीती बात बताई। इसके बाद तुरंत परिजन थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। फिलहाल पुलिस दुष्कर्म के आरोपी की तलाश में जुटी है।

# एयर इंडिया समेत सभी कंपनियां अपने विमानों की जांच कराएं : प्रवीण खंडेलवाल

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर शुक्रवार को दुख जताया। उन्होंने कहा कि सरकार मामले की जांच शुरू कर चुकी है और जल्द ही हादसे के कारणों का पता चलेगा।

प्रवीण खंडेलवाल ने कहा, "अहमदाबाद में जो विमान हादसा हुआ, वह बहुत दर्दनाक है। सभी शोक संतप्त परिवारों के प्रति मैं अपनी तरफ से संवेदना प्रकट करता हूं। घटना की जांच शुरू हो चुकी है। इससे पता चलेगा कि आखिर कौन सी ऐसी वजह थी कि एक निश्चित ऊंचाई के बाद विमान ऊपर नहीं जा सका।"

उन्होंने कहा कि घटना के बाद भारत सरकार की तरफ से त्वरित कार्रवाई हुई।

गृह मंत्री अमित शाह स्वयं घटनास्थल पर गए थे। नागरिक उड्डयन मंत्री भी गए थे। प्रधानमंत्री भी शुक्रवार सुबह गए थे। मुख्यमंत्री और राज्य सरकार के सभी वरिष्ठ अधिकारी वहां मौजूद हैं। जांच के बाद ही कारण का पता चलेगा।

भाजपा नेता ने एयर इंडिया समेत सभी विमान सेवा कंपनियों से इस घटना को देखते हुए सभी विमानों की तकनीकी जांच जल्द कराने



की अपील की। उन्होंने कहा कि जांच लोगों के मन में बैठे डर को दूर करेगी।

खंडेलवाल ने हादसे में अपनी जान गंवाने वाले गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के निधन पर गहरा दुख जताया। उन्होंने कहा कि विजय रूपाणी का निधन बेहद दुखद है। वह न सिर्फ भाजपा के बल्कि राजनीतिक क्षेत्र के सम्मानित नेता थे। सभी उनका आदर करते थे। उनकी कमी हम सभी को बहुत खलेगी।

उल्लेखनीय है कि अहमदाबाद में गुरुवार को हुए विमान हादसे में गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का भी निधन हो गया था। रूपाणी अपनी बेटी से मिलने जा रहे थे। प्लेन रनवे के नजदीक स्थित एक मेडिकल संस्थान पर गिरा था। मेडिकल संस्थान में भी कई डॉक्टरों के हताहत होने की खबर है।

## साइबर अपराध पर सीबीआई का शिकंजा, कई राज्यों में छापेमारी

**नई दिल्ली ।** देशभर में साइबर आधारित वित्तीय अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन 'चक्र-वी' के तहत केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली, हिसार, लखनऊ, मुंबई, पुणे और नासिक समेत कुल 10 स्थानों पर छापेमारी की है। यह कार्रवाई एक संगठित साइबर निवेश धोखाधड़ी के मामले में की गई।

इस दौरान सीबीआई ने मुंबई के कल्याण निवासी एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो धोखाधड़ी में सक्रिय रूप से शामिल था। वह साइबर अपराधियों को पहले से सक्रिय सिम कार्ड और ह्यम्यूलह्ल बैंक खातों की आपूर्ति करता था, जिससे इन अवैध गतिविधियों को अंजाम देना संभव हो सका।

## दिल्ली के ज्वेलर कर्मचारी के चाकू मारकर 40 लाख के गहनों की लूट,घायल फोर्टिस अस्पताल में भर्ती

**लोक प्रेरणा**



**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिम जिले के थाना सुभाष पैलेस अंतर्गत कोहाट मेट्रो स्टेशन के पास बदमाशों ने चांदनी चौक के एक ज्वेलर कर्मचारी (42 वर्षीय) सुभाष रामका से 40 लाख रुपए के गहने लूट लिए। लूट का विरोध करने पर बदमाशों ने कर्मचारी को चाकू मारकर घायल कर दिया। घायल कर्मचारी को फोर्टिज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह अपने एक सहयोगी के साथ ज्वेलरों को गहने के नमूने दिखाने के लिए लाए थे।

वहीं पुलिस ने लूटपाट का मामला दर्ज कर लिया है। उत्तरी पश्चिम जिले के डीसीपी भीष्म सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार दोपहर साढ़े तीन बजे एक सूचना पर फोर्टिज अस्पताल पुलिस पहुंची। यहां चाकू लगने से घायल सुभाष रामका का इलाज चल रहा था। पूछताछ पर पता चला कि पीड़ित चांदनी चौके के ज्वेलर पंकज जैन की दुकान में काम करते हैं। दरअसल बृहस्पतिवार दोपहर तीन बजे सुभाष अपने साथी गोपाल के साथ गहने के नमूने लेकर ज्वेलरों को दिखाने कोहाट मेट्रो स्टेशन पहुंचे थे। कुछ देर बाद दो अज्ञात बदमाश सुभाष से बैग छीनने लगे। सुभाष के विरोध करने पर बदमाशों ने उनपर चाकू से हमला कर दिया। घटना के समय गोपाल थोड़ी दूरी पर खड़ा था। बदमाश बैग छीनकर रोहिणी की ओर भाग गए। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर आरोपियों तक पहुंचाने की कोशिश में जुटी है।

# भारत-मंगोलिया की रक्षा सहयोग पर द्विपक्षीय वार्ता, सैन्य टुकड़ी भी मौजूद

**नई दिल्ली ।** भारत के रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने मंगोलिया के रक्षा मंत्रालय के राज्य सचिव ब्रिगेडियर जनरल गंखुयाग देवादोरज के साथ द्विपक्षीय बैठक की। यह द्विपक्षीय वार्ता शुक्रवार को मंगोलिया की राजधानी उलानबटार में हुई। इस बैठक में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को अधिक मजबूत बनाने के लिए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

विशेष रूप से नई और उभरती हुई तकनीकी क्षमताओं के क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। यह बातचीत भारत-मंगोलिया रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देने का प्रयास है। साथ ही इस वार्ता को रक्षा क्षेत्र में आपसी विश्वास और सहयोग को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया है।

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह शनिवार को उलानबटार में आयोजित बहुराष्ट्रीय संयुक्त सैन्य अभ्यास ह्यखान क्वेस्ट 2025ह्ल के उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे। इस सैन्य अभ्यास में भारतीय सेना की टुकड़ी भी शामिल हो रही है। वहीं, मंगोलियाई व अमेरिकी सेना भी इस अभ्यास का हिस्सा हैं। इस अभ्यास में शामिल होने वाली भारतीय सेना की टुकड़ी में कुमाऊं रेजिमेंट के 40 जवानों के साथ-साथ अन्य अंगों और सेवाओं के जवान भी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, एक महिला अधिकारी और दो महिला सैनिक भी टुकड़ी का हिस्सा हैं।



'खान क्वेस्ट 2025' का आयोजन 14 जून से 28 जून तक किया जाएगा। यह अभ्यास विभिन्न देशों की सेनाओं के बीच समन्वय, साझेदारी और सैन्य सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। भारत और मंगोलिया की सेनाओं के बीच आतंकवाद के खिलाफ किया जा रहा एक महत्वपूर्ण संयुक्त युद्धाभ्यास ह्यनोमैडिक एलीफेंट 2025ह्ल शुक्रवार को पूरा हो गया। भारत के रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह इस मौके पर मंगोलिया की राजधानी उलानबटार में मौजूद रहे। उन्होंने भारत-मंगोलिया संयुक्त सैन्य अभ्यास के समापन समारोह की अध्यक्षता की। वह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उनके साथ मंगोलिया के डिप्टी चीफ ऑफ जनरल स्टाफ ब्रिगेडियर जनरल बाटार बालजिद, मंगोलिया में भारत के राजदूत अतुल एम. गोत्सुरवे तथा डायरेक्टर जनरल, ऑपरेशनल लॉजिस्टिक्स एंड स्ट्रैटेजिक मूवमेंट लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेन्द्र सिंह भी उपस्थित थे।

## इजरायल और ईरान मामले में यूएन को हस्तक्षेप करना चाहिए : तारिक अनवर



**नई दिल्ली ।** ईरान में हवाई हमलों को कांग्रेस सांसद तारिक अनवर ने इजरायल की दादागिरी करार दिया है। उन्होंने इस मामले में यूएन से तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की है।

तारिक अनवर ने कहा कि इजरायल अपनी शक्तियों का गलत इस्तेमाल कर रहा है। काफी समय से इजरायल लगातार दादागिरी कर रहा है।

कांग्रेस सांसद का मानना है कि इजरायल की आक्रामकता को कुछ देशों का समर्थन प्राप्त है, जिससे उसका हौसला बढ़ा है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) और अमेरिका जैसे देशों से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

उन्होंने कहा कि इससे पहले हमने गाजा और फिलिस्तीन में देखा क्या हुआ है। वहां पर इजरायल के हवाई हमलों में लगातार ह्यूमन राइट्स की अवहेलना हो रही है। दुखद है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय चुप्पी साधे हुए है। अमेरिका जैसे देशों को इसमें हस्तक्षेप करना चाहिए।

अहमदाबाद विमान हादसे पर कांग्रेस सांसद तारिक अनवर ने कहा कि यह अच्छी बात है कि पीएम मोदी वहां गए। इतनी बड़ी घटना हुई है और यह उनके गृह राज्य में हुई है, इसलिए उनका जाना अनिवार्य था। यदि वे नहीं जाते, तो यह अपने आप में गलत होता।

बता दें कि इजरायल-ईरान तनाव के बीच एयर इंडिया ने कई उड़ानों के रूट को डायवर्ट कर दिया है। एयर इंडिया ने एक बयान में कहा कि ईरान में मौजूदा स्थिति के कारण वहां के हवाई क्षेत्र को बंद करने और हमारे यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, एयर इंडिया की उड़ानों का मार्ग बदला जा रहा है या उन्हें वापस भेजा जा रहा है।

एयर इंडिया ने प्रभावित उड़ानों की जानकारी साझा करते हुए बताया कि कौन-सी उड़ानों का रूट बदला गया है और कौन-सी उड़ानें वापस लौट रही हैं। वहीं, भारतीय दूतावास ने भी इजरायल में भारतीय नागरिकों को एक एडवाइजरी जारी की है, जिसमें उन्हें सतर्क रहने, अनावश्यक आवाजाही से बचने और स्थानीय सुरक्षा निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया गया है।

## वित्त वर्ष 2025 में भारतीय बैंकों की एसेट क्वालिटी रही मजबूत: रिपोर्ट




**नई दिल्ली ।** भारतीय बैंकों ने वित्त वर्ष 2025 के दौरान एसेट क्वालिटी को लेकर शानदार सुधार दर्ज करवाया। यह सुधार नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स (एनपीए) में कम नेट एडिशन के कारण देखा गया। यह जानकारी शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई।

केयरएज रेटिंग्स द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, इस ट्रेंड ने बैंक्स को अपनी बैलेंस शीट मजबूत करने में मदद की है, जबकि ऋण लागत में कमी जारी रही है, जिससे समग्र लाभप्रदता में वृद्धि हुई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक (एससीबी) के लिए ग्रॉस एनपीए (जीएनपीए) अनुपात वित्त वर्ष 2025 के अंत तक 2.3 प्रतिशत तक पहुंच गया, जो हाल के वर्षों में सबसे कम स्तरों में से एक है।

इस सुधार को स्थिर रिकवरी, हाई राइट-ऑफ और कम स्लिपेज से सपोर्ट मिला है।

पिछले दशक में बैंकों ने बड़े कॉर्पोरेट लोन से रिटेल लेंडिंग पर ध्यान केंद्रित किया है, जो अब कुल एडवांस का 34 प्रतिशत है, जबकि 2015 में यह केवल 19 प्रतिशत था।

औद्योगिक क्षेत्र के एनपीए में जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई, जो मार्च 2018 में 22.8 प्रतिशत से घटकर दिसंबर 2024 में केवल 2.7 प्रतिशत रह गई।

कृषि में भी, इसी अवधि में जीएनपीए घटकर 6.2 प्रतिशत रह गया। दिसंबर 2024 में रिटेल सेक्टर के एनपीए 1.2 प्रतिशत पर कम रहे।

केयरएज रेटिंग्स के वरिष्ठ निदेशक संजय अग्रवाल ने कहा, "एनपीए में नेट एडिशन मोटे तौर पर कम रहा है, जिससे इस सेक्टर में मुख्य एसेट क्वालिटी नंबर में लगातार कमी देखी जा रही है।"

उन्होंने कहा, "हालांकि, पर्सनल लोन सेगमेंट के तनाव का सामना करने के साथ, नए स्लिपेज बढ़ सकते हैं और रिकवरी धीरे-धीरे कम हो सकती है।"

अग्रवाल ने उच्च ब्याज दरों, विनियामक परिवर्तनों और टैरिफ वृद्धि जैसी वैश्विक बाधाओं जैसे नकारात्मक जोखिमों के बारे में भी चेतावनी दी।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी), विशेष रूप से, किसी भी झटके को झेलने के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं, उनके पास 75 प्रतिशत से 80 प्रतिशत के बीच मजबूत प्रोविजन कवरेज रेश्यो है।

निजी क्षेत्र के बैंकों के पास कुल मिलाकर कम एनपीए होने के साथ-साथ सॉलिड बफर भी हैं।

वित्त वर्ष 2022 में 0.86 प्रतिशत से वित्त वर्ष 2025 में 0.41 प्रतिशत तक ऋण लागत में कमी आई है, जो प्रावधान की कम जरूरतों और बेहतर रिकवरी को दर्शाता है।

# इजरायल-ईरान में संघर्ष से वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ी

**नई दिल्ली ।** ईरान के परमाणु संयंत्रों और मिसाइल फैक्ट्रियों पर इजरायल के हमले के बाद मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने से शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में 9 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई।

बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड की कीमत 6 डॉलर से अधिक बढ़कर 78 डॉलर प्रति बैरल के पांच महीने के उच्चतम स्तर को पार कर गई।

कार्रवाई के बाद इजरायल ने ईरान से जवाबी कार्रवाई की आशंका के चलते इमरजेंसी घोषित कर दी है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि इससे बड़े पैमाने पर संघर्ष हो सकता है, हालांकि अमेरिका ने इजरायली हमलों में किसी भी तरह से शामिल होने से इनकार किया है।

इजरायल ने यह कार्रवाई अमेरिका



और ईरान के बीच परमाणु समझौते पर बातचीत में आई खटास के बाद की है।

इस संघर्ष से दुनिया की तेल आपूर्ति पर दबाव पड़ने की संभावना है।

एमके ग्लोबल की एक रिपोर्ट के अनुसार, ईरान प्रतिदिन लगभग 3.3 मिलियन बैरल (एमबीपीडी) कच्चे तेल का उत्पादन करता है (वैश्विक उत्पादन का करीब 3 प्रतिशत) और लगभग 1.5 एमबीपीडी निर्यात करता है, जिसमें मुख्य आयातक चीन (80 प्रतिशत) और तुर्की है। ईरान होर्मुज स्ट्रेट के उत्तरी किनारे पर भी है, जिसके माध्यम से दुनिया में 20 एमबीपीडी+ कच्चे तेल का व्यापार होता है।

होर्मुज स्ट्रेट मध्य-पूर्व में एक चोक प्वाइंट है। इस मार्ग से सऊदी अरब और यूएई आदि भी शिपिंग करते हैं और पहले भी ईरान ने इसे बंद करने की चेतावनी दी है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका-चीन व्यापार संघर्ष के कारण चीन ने कभी ईरान पर पश्चिमी प्रतिबंधों का पालन नहीं किया और पहले की तरह खरीद जारी रखी, हालांकि पिछले कुछ महीनों में यह बताया गया कि उन्होंने खपत कम कर दी है। हालांकि, भारत कोई ईरानी तेल आयात नहीं करता है।

रिपोर्ट में बताया गया कि पहले भी जब इजरायल ने ईरान पर हमला किया था और ईरान ने जवाबी कार्रवाई की थी और दोनों ने सफलता का दावा किया था और बड़े नुकसान से इनकार किया था, तो तनाव कम हो गया था। हालांकि, इस मामले में अधिक विवरण की प्रतीक्षा है और निकट भविष्य में तेल बाजार अत्यधिक अस्थिर होगा।

# उत्तर भारत में प्रचंड गर्मी, दिल्ली में पर्यटकों का हाल बेहाल, मुरादाबाद और बुलढाणा में बारिश से राहत

**नई दिल्ली/मुरादाबाद/बुलढाणा ।** पूरा उत्तर भारत इन दिनों भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। दिल्ली में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास है, जबकि सुबह की 67 प्रतिशत आर्द्रता ने गर्मी को और असहनीय बना दिया है।

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, अगले दो दिन तक उत्तर भारत में लू और गर्मी से राहत की कोई संभावना नहीं है। दिल्ली के इंडिया गेट पर घूमने आए पर्यटक भीषण गर्मी से परेशान दिखे। हैदराबाद, तेलंगाना, तमिलनाडु और महाराष्ट्र से आए पर्यटकों ने बताया कि उनके शहरों में इतनी गर्मी नहीं है, जितनी दिल्ली में है।

एक पर्यटक ने कहा, ह्लदिल्ली की गर्मी ने हाल बेहाल कर दिया है ह्व लोग टोपी या दुपट्टे से सिर को ढंककर और धूप के चश्मे पहनकर घूमने आ रहे हैं।

पानी और तरल पदार्थों का उपयोग करते हुए वे इंडिया गेट पर चिलचिलाती धूप का मुकाबला कर रहे हैं।

उधर, उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में गुरुवार को अचानक हुई तेज बारिश ने मौसम को सुहावना कर दिया। पिछले कई दिनों से



चिलचिलाती धूप और गर्मी से परेशान लोग बारिश की पहली फुहार के साथ राहत महसूस करने लगे। तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई।

स्थानीय लोगों ने घरों की छतों और बालकनियों पर बारिश का आनंद लिया, जबकि बच्चे साइकिल चलाते और बारिश में भीगते नजर आए।

एक स्थानीय निवासी ने कहा, ह्लबारिश ने गर्मी से बहुत राहत दी है। मौसम अब काफी अच्छा हो गया है ह्व

महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में भी गुरुवार सुबह 10:30 बजे से मौसम ने अचानक करवट ली। तेज हवाओं के साथ आंधी और भारी बारिश ने क्षेत्र को प्रभावित किया। बुलढाणा शहर में करीब एक घंटे तक बारिश हुई, जिसके कारण कई बड़े पेड़ गिर गए। इससे कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और एक फल विक्रेता को भी नुकसान हुआ। बिजली के खंभे गिरने से शहर और आसपास के गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। गरज और बिजली चमकने से लोग दहशत में रहे।

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने उत्तर भारत के कई राज्यों के लिए अलर्ट जारी किया है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में 15 जून तक लू (हीटवेव) का रेड अलर्ट है।

न्यूज फ्लैश

## एमएसएमई स्टार्टअप्स फोरम-भारत व शारदा यूनिवर्सिटी के बीच हुआ एम.ओ.यू



**लोक प्रेरणा**
**ग्रेटर नोएडा।** एमएसएमई स्टार्टअप्स फोरम उत्तर प्रदेश के चेयरमैन श्री सचिन गोयल व शारदा यूनिवर्सिटी के प्रो वाईस चांसलर डॉ पूणार्नंद के बीच छात्रो में उद्यमिता विकास के मुख्य उद्देश्य से एम.ओ.यू. किया गया। कार्यक्रम में अनेक प्रबुद्ध व्यक्तियों के साथ संवाद-समागम का आयोजन किया गया।
सभी वरिष्ठ एवं प्रबुद्ध उद्यमियों , एवं औद्योगिक संगठन के पदाधिकारियों ने संवाद समागम में उत्तर प्रदेश में भय मुक्त, निवेश अनुकूल, 24 घंटे बिजली, सड़कों का जाल, आदि अनेकतर उद्यम अनुकूल कार्य जो पिछले वर्षों में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा किए गए है, पर माननीय मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद प्रेषित किया और यूनिवर्सिटी के युवायो को नवाचार व उद्यम लगाने हेतु प्रोत्साहित करने पर किए जाने वाले आगामी कार्यकर्मो पर विचारो का आदान प्रदान किया।
उपरोक्त कार्यक्रम सभी हित धारकों के लिए अमूल्य रहा। प्रबुद्ध उद्यमियों ने मैन्युफैक्चरर्स को आ रही समस्याओं से भी फैकल्टी को अवगत कराया व छात्रो के द्वारा उनके समाधान के लिए आह्वान किया।
फोरम के द्वारा छात्रो द्वारा शुरू किये जाने वाले स्टॉर्टअप्स व एम०एस०एम०ई० के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया।
स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने हेतु नवाचार कार्यक्रम आयोजित करने पर मंथन हुआ।
इस एम ओ यू का उद्देश्य उभरते हुए स्टार्टअप्स को एक साझा मंच प्रदान करना होगा, जहाँ वे अपने विचार प्रस्तुत कर सकें, विशेषज्ञों से मार्गदर्शन ले सकें और निवेशकों से जुड़ सकें।
इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री सचिन गोयल ने कहा, ह्वआज के युग में नवाचार और उद्यमिता ही देश की प्रगति का आधार हैं। ऐसे कार्यक्रम युवाओं को प्रेरित करते हैं और उन्हें सशक्त बनाते हैं।ह्व
आगामी कार्यक्रमो में अधिक से अधिक स्टार्टअप्सस भाग ले, व अपने प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन करे, इसकी रूपरेखा तैयार की गई।
इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों, उद्योग प्रतिनिधियों, निवेशकों और अधिकारियों ने भाग लेकर किस प्रकार छात्रो को लाभान्वित, सलाह और सहयोग प्रदान किया जाए इस विषय पर सार्थक चर्चा की।
दोनों संस्थाओं का उद्देश्य भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति को प्रोत्साहित करना है।
अनेक एम०एस०एम०ई० & स्टार्टअप्स फोरम के सदस्य जिनमे मुख्यतः जलज मेहता, मनीष गुप्ता, विनोद कुमार व अन्य संगठनों व यूनिवर्सिटी के डॉ. परमानंद झ प्रो-वाइस चांसलर, डॉ. भुवनेश कुमार झ डीन, रिसर्च, डॉ. आर. सी. सिंह झ डीन, एकेडमिक्स, डॉ. मोहित साहनी झ एसोसिएट डीन, रिसर्च एवं समारोह के संयोजक, डॉ. ऋतु कपूर झ निदेशक, स्ट्रैटेजी, डॉ. यशोधरा राज झ सहायक निदेशक, विक्रांत चौधरी झ सहायक निदेशक, ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## नोएडा प्राधिकरण के मुद्दों को लेकर लखनऊ में मीटिंग आहूत



**लोक प्रेरणा**
**नोएडा।** प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास आलोक कुमार से पुनः भारतीय किसान यूनियन मंच की मीटिंग नोएडा विधायक पंकज सिंह ने महानगर अध्यक्ष महेश चौहान के नेतृत्व में नोएडा प्राधिकरण के मुद्दों को लेकर लखनऊ में एक मीटिंग आहूत की।
सभी मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई।
नोएडा प्राधिकरण द्वारा बोर्ड मीटिंग में पास आबादी विनियमावली में संशोधन 450 मीटर से 1000 मीटर जोकि प्रमुख सचिव स्तर पर लंबित है उसको पास करने तथा लागू कराने पर चर्चा हुई।
आबादी विनियमावली में संशोधन ना होना लगातार आबादी निस्तारण के लिए बड़ा अवरोध हुआ है इसको बलपूर्वक उठाया जिससे प्राधिकरण स्तर पर कार्य और तेजी से किया जा सके। अतिक्रमण का मुद्दा भी इसी संशोधन के बाद पूर्ण रूप से सुलझाया जा सकता है।
साथ ही साथ पिछले 8 वर्षों से लगातार किसानों के मुद्दों को पीछे धकेल कर प्राधिकरण द्वारा संतोषजनक कार्य न करने पर संख्यात्मक डाटा संकलित करने के लिए अनुरोध किया।
2950 किसान कोटा के प्लॉट, 5% के प्लॉट का अनुमोदन,
5% के मूल प्लॉट का आवंटन, आबादी विनयमीतीकरण
64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकार व 10% के अतिरिक्त प्लॉट देने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया।
प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास से मीटिंग के बाद नोएडा विधायक पंकज सिंह जी ने कहा कि इस वार्ता के पश्चात सचिवालय स्तर पर उचित निर्णय लिए जाएंगे। पूर्व में भी विधानसभा में नोएडा विधायक पंकज सिं ने किसानों के मुद्दों को पुरजोर तरीके से उठाया था।
इस मीटिंग के पश्चात किसानों के मुद्दों को बल मिला है और उम्मीद है समाधान भी होगा।
भारतीय किसान यूनियन मंच विधायक का धन्यवाद दिया।

## मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित, सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए



**लोक प्रेरणा**
**ग्रेटर नोएडा।** पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी द्वारा एडीसीपी सेंट्रल नोएडा हृदेश कठेरिया के साथ पुलिस ऑफिस सूरजपुर में सेंट्रल नोएडा जोन के पुलिस अधिकारियों के साथ मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। उनके द्वारा सभी को पुलिस आयुक्त महोदया द्वारा दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने तथा अपराध नियंत्रण, विवेचना निस्तारण, आईजीआरएस प्रकरणों, वांछित अपराधियों एवं गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई के संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।
स्ट्रीट क्राइम पर प्रभावी रोक लगाने, गश्त/पेट्रोलिंग को बढ़ाने, सड़क पर पुलिस विजिबिलिटी बढ़ाने व अपराधियों को चिन्हित करके उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने हेतु एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। उनके द्वारा थाना प्रभारियों को लंबित माल का निस्तारण करने, लंबित विवेचनाओं को शीघ्र निस्तारित करने व थाना स्तर पर आने वाली शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराये जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# भीषण गर्मी में ट्रैफिक पुलिस को राहत, कैनोपी और छाते वितरित

**नोएडा :** भीषण गर्मी में ट्रैफिक पुलिस को राहत, कैनोपी और छाते वितरितनोएडा । उत्तर प्रदेश के नोएडा में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है और सरकार ने हीटवेव को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है।
इस भीषण गर्मी में सड़कों पर ड्यूटी निभाने वाले ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की सुरक्षा के लिए नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने विशेष इंतजाम किए हैं।
डीसीपी (ट्रैफिक) लखन यादव ने समाचार एजेंसी आईएएनएस को बताया कि जिले के 35 प्रमुख चौराहों पर कैनोपी लगाई गई है, ताकि पुलिसकर्मी धूप से बच सकें। इसके अलावा, 100 से अधिक ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को छाते, पानी, ग्लूकोज और इलेक्ट्रॉल जैसी राहत सामग्री वितरित की गई है।
लखन यादव ने कहा, "ट्रैफिक पुलिस का काम ऐसा है कि उन्हें हर मौसम में सड़कों पर रहना पड़ता है। गर्मी के इस प्रकोप में उनकी सेहत और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।"
उन्होंने बताया कि धूप से बचाव के लिए सभी पुलिसकर्मियों के लिए छाते अनिवार्य कर दिए गए हैं। इसके साथ ही, सरकार ने पहले ही तापमान नियंत्रित हेलमेट वितरित किए हैं, जिन्हें पहनना भी अनिवार्य है। इन हेलमेट्स से गर्मी का असर कम करने में मदद मिलती है। नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने कुछ चौराहों पर ठंडा पानी, ग्लूकोज, छाछ और लस्सी की व्यवस्था भी की है ताकि पुलिसकर्मी डिहाइड्रेशन से बच सकें।
डीसीपी ने बताया कि ये कदम ट्रैफिक पुलिस की कार्यक्षमता बनाए रखने और उनकी सेहत की रक्षा के लिए उठाए गए हैं।
उन्होंने कहा, "हमारी कोशिश है कि पुलिसकर्मी इस भीषण गर्मी में भी पूरी मुस्तैदी से अपनी जिम्मेदारी निभा सकें।"
उत्तर प्रदेश में इस समय भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, 13 जून को राज्य के कई हिस्सों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया और अगले कुछ दिनों तक इसमें कोई खास राहत की उम्मीद नहीं है।
नोएडा, लखनऊ, आगरा, वाराणसी, और प्रयागराज जैसे शहरों में अधिकतम तापमान 42 से 47 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है, जबकि रात में भी तापमान 32 डिग्री से नीचे नहीं जा रहा। उमस भरी गर्मी लोगों को ज्यादा परेशान कर रही है।
मौसम विभाग ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद, नोएडा, मथुरा, आगरा, झांसी, और पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, बस्ती, आजमगढ़, बलिया जैसे जिलों में रेड अलर्ट और कुछ अन्य जिलों जैसे बागपत, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अलीगढ़, और हाथरस में येलो अलर्ट जारी किया है।



# ग्रेनो में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर बनाने की योजना

## -इनवेस्ट यूपी के सीईओ व एसीईओ ने ग्रेनो प्राधिकरण में की बैठक

**लोक प्रेरणा**
**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर बनाने की योजना है, जिसमें तमाम मल्टीनेशनल कंपनियों को बिजनेस के लिए जगह उपलब्ध कराया जाएगा। इसी सिलसिले में इनवेस्ट यूपी के सीईओ विजय किरण आनंद और एसीईओ शशांक चौधरी ने बृहस्पतिवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस, एसीईओ प्रेरणा सिंह, एसीईओ सुमित यादव समेत अन्य अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में प्रस्तुतीकरण के जरिए ग्रेटर नोएडा के इंफ्रास्ट्रक्चर को दशार्या गया।




ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार की मंशा है कि ग्रेटर नोएडा में बड़ी मल्टीनेशनल कंपनियां निवेश करें। ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए एक अहम प्लेटफार्म साबित हो सकता है। दरअसल नोएडा एयरपोर्ट का संचालन जल्द शुरू होने को ध्यान में रखते हुए बड़े निवेशकों को आकर्षित करने के मकसद से ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर बनने पर विचार किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार विगत वर्ष ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर से जुड़ी पॉलिसी को मंजूरी दे चुकी है। वहीं, दोनों अधिकारियों ने बैठक के बाद इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप का भी भ्रमण किया।

## कारगिल के शहीदों की स्मृति में एक स्मारक की स्थापना एवं फव्वारे का निर्माण कार्य पूर्ण किया




**लोक प्रेरणा**
**नोएडा।** एडा शहर में मुख्य कार्यपालक अधिकारी के सौन्दर्गीकरण कार्यक्रम के अर्न्तगत दिये गये निर्देशों के अनुरूप सैक्टर-37, नौएडा स्थित कारगिल चौक पर कारगिल युद्ध के शहीदों की स्मृति में एक स्मारक की स्थापना एवं फव्वारे का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। इस कार्यक्रम में कारगिल युद्ध के वीर सपूत शहीद विजयंत थापर के पिता वी०एन० थापर एवं आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष कर्नल आई०पी० सिंह, महासचिव श्रीमती कविता जामिल व अन्य पूर्व सैन्य अधिकारी उपस्थित रहे। यह चौक कारगिल के वीर सपुतों की अमरगाथा का प्रतीक है एवं नयी पीढ़ी को उनकी शहादत की याद दिलाएगा।

## वैश्विक निवेशकों को रिझाने के लिए जुलाई में होगा ग्लोबल कैपिटल कॉन्क्लेव

**नोएडा।** वैश्विक निवेशकों को रिझाने के लिए शहर में जुलाई में ग्लोबल कैपिटल कॉन्क्लेव होगा। इसका उद्देश्य दुनिया भर के बड़े पूंजी निवेशकों और बहुराष्ट्रीय कंपनियों को ग्रेटर नोएडा में निवेश के अवसरों और अधोसंरचनात्मक सुविधाओं से परिचित कराना है।
यह कॉन्क्लेव इन्वेस्ट यूपी और ग्रेनो प्राधिकरण की संयुक्त पहल होगी, जिसमें अमेरिका, जापान, कोरिया, यूरोप और खाड़ी देशों से निवेशकों और दूतावास प्रतिनिधियों के आने की संभावना है।

# न्यू नोएडा के लिए जमीन अधिग्रहण प्रक्रिया तभी शुरू होगी जब मुआवजा दर तय हो जाएगी : सीईओ

**नोएडा।** न्यू नोएडा के लिए जमीन अधिग्रहण करने की नीति पर काम किया जा रहा है। प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने बताया कि अधिग्रहण प्रक्रिया तभी शुरू होगी जब मुआवजा दर तय हो जाएगी। जनपद बुलंदशहर के डीएम से लगातार संपर्क किया जा रहा है। सर्किल रेट के अनुसार जल्द ही मुआवजा की दर तय कर दी जाएंगी। इसके विकास के लिए चिह्नित गांवों में इन दिनों बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण हो रहे। वहीं, इन गांवों की जमीनों को आबादी में दर्ज कराने का भी खेल जारी है।
अधिग्रहण के लिए 1 हजार करोड़ का बजट औद्योगिक विकास को गति देने के लिए शासन ने जनवरी 2021 में दादरी-नोएडा गाजियाबाद विशेष निवेश क्षेत्र (DNGIR) की घोषणा की थी। न्यू नोएडा के विकास के लिए अक्टूबर 2024 में शासन ने अधिसूचना जारी की और इसके विकास का जिम्मा नोएडा प्राधिकरण को सौंपा था।
प्राधिकरण जमीन अधिग्रहण के लिए एक हजार करोड़ का बजट भी स्वीकृत कर चुका है, लेकिन अब तक अधिग्रहण शुरू नहीं हो सका। नए नोएडा में गौतमबुद्ध नगर के अलावा, बुलंदशहर के मिलाकर 80 गांव शामिल है।
संयुक्त बैठक में तय होगी मुआवजा दर मुआवजे की दर दोनों जिलों के प्राधिकरण और प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त बैठक में तय होनी है। इसके लिए लंबे समय से किसानों से वार्ता भी चल रही है, लेकिन अब तक मुआवजा दर घोषित नहीं हो सकी है।
मुआवजे को लेकर क्या दरें रखी जाएं, इसके लिए नोएडा प्राधिकरण



की समिति अध्ययन कर प्रस्ताव तैयार कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि बोर्ड से जो दरें तय होंगी उस हिसाब से ही किसानों से जमीन ली जाएगी।
चार फेज में होना है काम ऊठऊ NGIR 8 गांवों की जमीन पर बसाया जाएगा। इसके मास्टर प्लान को चार फेज में पूरा किया जाएगा। 2023-27 तक इसके 3165 हेक्टेयर को विकसित किया जाएगा। इसी तरह 2027 से 2032 तक 3798 हेक्टेयर एरिया को विकसित किया जाएगा। इसके बाद 2032-37 तक 5908 हेक्टेयर और अंत में 2037-41 तक 8230 हेक्टेयर जमीन को विकसित करने का प्लान है।
आपसी सहमति से ली जाएगी जमीन प्राधिकरण अधिकारी ने बताया कि न्यू नोएडा के लिए जमीन का अधिग्रहण किसानों से आपसी सहमति के आधार किया जाएगा। यहां मुआवजा रेट क्या होगा इस पर विस्तार से चर्चा की गई। हालांकि अभी कोई निर्णायक फैसला नहीं हुआ है।
सबसे पहले 15 गांवों की जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। जबकि न्यू नोएडा को 80 गांवों की जमीन पर बसाया जाएगा। प्रत्येक गांव में करीब 200 किसान परिवार है। यानी कुल 16 हजार किसान परिवार है। जिनके साथ बैठक की जाएगी। पहले फेज में 3165 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाना है।
इस शहर का मास्टर प्लान के अनुसार क्या किया गया ब्रेकअप

| लैंड यूज | हेक्टेयर |
|---|---|
| रेजिडेंशियल | 2810.54 |
| कॉमर्शियल | 849.97 |
| पीएसपी इंस्टीट्यूशनल | 1739.93 |
| फैसिलिटी / यूटिलिटी | 195.97 |
| इंडस्ट्री | 8420 |
| ग्रीन पार्क | 1792.26 |
| ग्रीन बेल्ट एंड बफर | 1432.73 |
| रिक्रियेशनल | 530.22 |
| वाटर बॉडी | 122.77 |
| ट्रैफिक और ट्रांसपोर्टेशन | 2963.61. |

# अतिक्रमण के खिलाफ ग्रेनो प्राधिकरण चलाएगा बड़ा अभियान

## अर्जित जमीन पर बिना नोटिस अतिक्रमण तोड़ेगा प्राधिकरण

**लोक प्रेरणा**
**ग्रेटर नोएडा।** अधिसूचित एरिया में अवैध निर्माण कर जमीन कब्जाने वालों से अब सख्ती से निपटा जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, पुलिस और प्रशासन ने मिलकर कार्रवाई करने का खाका तैयार किया है। प्राधिकरण ने ग्रामवार एरिया भी चिंहित कर लिया है। एक-एक कर अतिक्रमण पर बुल्डोजर चलाया जाएगा।
दरअसल, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में बिना अनुमति निर्माण करने की इजाजत नहीं है।



प्राधिकरण किसानों से जमीन लेकर मास्टर प्लान के अनुसार उसे विकसित करता है। रोड, बिजली, पानी, सीवर, ग्रीनरी आदि सुविधाएं विकसित करता है। उद्योग, रिहायश, शिक्षण संस्थान, हॉस्पिटल, कॉमर्शियल आदि के लिए जमीन आवंटित करता है। प्राधिकरण ये सभी विकास कार्य मास्टर प्लान के अनुसार करता है, जिससे प्राधिकरण को पता रहता है कि किस एरिया में कितनी आबादी आने वाली है। उसके अनुसार इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करता है, लेकिन कुछ कालोनाइजर ग्रेटर नोएडा के गांवों के आसपास अवैध कालोनी काटकर शहर के ढांचागत विकास को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। घर के जरूरतमंदों को अपने झांसे में लेकर इन अवैध कालोनियों में उनकी गाढ़ी कमाई लगवा रहे हैं। हालांकि प्राधिकरण की तरफ से लगातार लोगों को आगाह किया जाता है कि इन कालोनाइजरों के चंगुल में फंसकर अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं, फिर भी लोग कालोनाइजरों के चंगुल में फंस रहे हैं। प्राधिकरण अवैध निर्माण को ढहाने की कार्रवाई भी लगातार करता रहता है, लेकिन अब यह कार्रवाई और भी प्रभावी ढंग से किए जाने की योजना बनाई गई है।

## फेडरेशन कप रोलर डर्बी 2025 : बिरौंडी के चरण सिंह यूपी टीम में चयनित, नोएडा ट्रायल में दिखाया दम

ग्रेटर नोएडा।ग्रेटर नोएडा के बिरौंडी गांव के युवा खिलाड़ी चरण सिंह ने राष्ट्रीय स्तर की फेडरेशन कप रोलर डर्बी 2025 प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश टीम में जगह बना ली है। यह प्रतिष्ठित टूनामेंट 28 से 30 जून तक बीकानेर, राजस्थान में आयोजित होगा। नोएडा सेक्टर-128 स्थित ह्वआओ जियो स्केटिंग ट्रैक पर आयोजित ट्रायल में चरण सिंह ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और प्रदेशभर के खिलाड़ियों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

# एयर इंडिया हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि : ग्रेटर नोएडा में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन

**लोक प्रेरणा**
**ग्रेटर नोएडा।** अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट अक171, टेकऑफ के कुछ ही मिनटों बाद मेघानी नगर क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह हादसा देशभर में शोक और स्तब्धता का कारण बना। विमान में सवार सभी 242 यात्रियों की मृत्यु हो गई। मृतकों में 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और 1 कनाडाई नागरिक शामिल थे। विमान का मलबा एक मेडिकल कॉलेज के छात्रावास पर गिरा, जिससे और जानमाल का नुकसान हुआ।
यह दुर्घटना बोइंग 787 ड्रीमलाइनर के इतिहास में पहली घातक घटना के रूप में दर्ज की गई है। हादसे की जांच केंद्र सरकार ने शुरू कर दी है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बोइंग कंपनी व अन्य विशेषज्ञों को भी जांच में शामिल किया गया है।
इस दिल दहला देने वाली दुर्घटना के सभी मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए 13 जून की शाम ग्रेटर नोएडा के सिटी पार्क में एक सर्वधर्म श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह आयोजन बिना



किसी नारेबाजी, कैंडल मार्च या राजनीतिक रंग के, पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ किया गया।
सर्वधर्म एकत्रताः प्रार्थना में शामिल हुए सभी प्रमुख धर्मगुरु। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं एवं जागरूक नागरिकों ने भाग लिया और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थनाएं कीं।
महामंडलेश्वर गोस्वामी सुशील महाराज
उन्होंने अपने उद्बोधन की शुरूआत "ॐ अकाल मृत्यु हरनाम" श्लोक से की और कहा, यह हादसा मानवता के लिए बहुत बड़ी चेतावनी है। इन निर्दोष यात्रियों की मृत्यु को मैं शहीदों की तरह देखता हूं, क्योंकि इसमें उनकी कोई गलती नहीं थी। यह एक प्राकृतिक आपदा नहीं बल्कि मानवीय चूक का परिणाम हो सकता है। ईश्वर से प्रार्थना है कि वह अकाल मृत्यु किसी को न दे। जब असुर बढ़ता है, तो किसी देव का अवतरण होता है उसे समाप्त करने के लिए झ शायद समय फिर किसी बड़े बदलाव का है।
फादर एंड्रयू कोरिया, सेंट जोसेफ चर्च
ईसाई समुदाय की ओर से श्रद्धांजलि देते हुए फादर एंड्रयू ने कहा, ऐसा लग रहा है जैसे हमारे अपने परिवार का कोई सदस्य चला गया हो। कितने घरों में आज चूल्हा नहीं जला होगा। यह संसार एक अस्थायी ठिकाना है, लेकिन जब ऐसी दुर्घटनाएं होती हैं तो मन में सवाल उठता है झ ईश्वर ने ऐसा क्यों किया? उन सभी परिवारों को ईश्वर संबल दे और मृत आत्माओं को शांति मिले।
**ज्ञानी गुरबचन सिंह जी, गुरुद्वारा नॉलेज पार्क**
सिख धर्म की ओर से बोलते हुए ज्ञानी जी ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा, मौत बिना बताये आती है, वह न उम्र देखती है न स्थिति। यह हादसा केवल 45 सेकंड में न जाने कितनी जिंदगियाँ लील गया। गुरुग्रंथ साहिब कहता है कि हमें हर सांस को उपहार की तरह लेना चाहिए। ईश्वर से प्रार्थना है कि वो इन परिवारों को शक्ति दे।
मौलाना मोहम्मद नदीम, नॉलेज पार्क, मस्जिद
इस्लामिक दृष्टिकोण रखते हुए मौलाना साहब ने कहा, हम सभी भाई हैं झ चाहे किसी भी धर्म के हों। आज हम एकजुट होकर इन मासूम जानों के लिए दुआ मांगते हैं। उनके परिवारों की टूट चुकी उम्मीदों और सपनों के लिए हम अल्लाह से सब्र और राहत की दुआ करते हैं।
**बौद्ध धर्मगुरु आनंद जी, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय**
बुद्ध धर्म की ओर से गुरु आनंद ने शोक व्यक्त करते हुए कहा, बुद्ध भगवान ने कहा था झ पाँच बातें निश्चित नहीं होतीः हमारी उम्र, मृत्यु का समय, कारण, स्थान और मृत्यु के बाद की स्थिति। इस घटना ने हमें जीवन की अनिश्चितता का बोध कराया है। हम सभी मृतकों के लिए ध्यान और शांति की प्रार्थना करते हैं।
आचार्य मनीष कौशिक, कथा वाचक
हिंदू धर्म की ओर से उपस्थित आचार्य जी ने श्रीमद्भगवद्गीता का उल्लेख करते हुए कहा, मृत्यु एकमात्र सत्य है, और आत्मा कभी नष्ट नहीं होती झ वह बस यात्रा करती है। जो लोग इस हादसे में मारे गए, उनका पुनर्जन्म होगा और वे अपने अधूरे सपनों को पूरा करेंगे।
कार्यक्रम का समापन मौन श्रद्धांजलि से
कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं के प्रति संवेदना व्यक्त की।
यह सभा नारेबाजी या प्रदर्शन से दूर रहकर एक शांत, संगठित और भावुक वातावरण में संपन्न हुई।
सभी धर्मों के प्रतिनिधियों ने इस बात पर बल दिया कि ऐसी त्रासदियों को रोकने के लिए मानवीय लापरवाहियों पर कड़ी नजर रखनी चाहिए और तकनीकी सुरक्षा मानकों को और भी सशक्त बनाया जाना चाहिए। यह श्रद्धांजलि सभा एकता, शांति और मानवीय करुणा का प्रतीक बनकर उभरी है।

लोक प्रेरणा
Email- lokprerna@gmail.com

# विवेचक पर गंभीर आरोप, एसपी सम्भल से की गई शिकायत

**संभल (उत्तर प्रदेश)।** हयातनगर थाना क्षेत्र के सरायतरीन मोहल्ला नवादा निवासी दिलशाद पुत्र इरशाद ने पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार बिश्नोई को शिकायती पत्र सौंपकर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित ने अपने पत्र में आरोप लगाया है कि थाना हयातनगर में तैनात विवेचक अर्पणा बंसल ने मामले की निष्पक्ष जांच नहीं की, बल्कि आरोपितों से मोटी रकम लेकर हल्की धारा में चालान कर उन्हें छोड़ दिया।

पीड़ित दिलशाद के मुताबिक, तीन दिन पूर्व आरोपी आलम टाटू, टाटू पुत्रगण टाटशाह अपने दो अन्य साथियों के साथ उसके घर में जबरन घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने दिलशाद की अनुपस्थिति में उसकी पत्नी के साथ अभद्रता की, गाली-गलौच की और विरोध करने पर उसकी पत्नी को पलंग पर गिराकर उसके कपड़े भी फाड़ दिए। महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उसे बचाया। जाते-जाते आरोपी दिलशाद को मुकदमा वापस न लेने पर जान से



मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

दिलशाद का कहना है कि मुख्य आरोपी आलम टाटू व टाटू पर पूर्व में गोकशी, गैंगस्टर एक्ट तथा धारा 307 जैसी गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं और दोनों जेल भी जा चुके हैं। साथ ही इन आरोपियों पर दो वर्ष पूर्व दिलशाद के भाई जुनैद पर जानलेवा हमले का भी केस दर्ज है।

पीड़ित का आरोप है कि पुलिस ने आलम टाटू को तीन दिन तक थाने की हवालात में रखा, लेकिन बाद में धारा 151 के तहत चालान कर छोड़ दिया। इस पर जब दिलशाद ने विवेचक से आपत्ति जताई तो विवेचक ने कथित रूप से जवाब दिया कि ह्लमैं तो 151 में ही चालान करूंगी, जहां जाना हो चले जाओ।

पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और आरोपियों के खिलाफ सख्त धाराओं में कार्रवाई की जाए। दिलशाद ने आशंका जताई कि यदि पुलिस ने जल्द उचित कार्रवाई नहीं की तो आरोपी उसे व उसके परिवार को गंभीर नुकसान पहुँचा सकते हैं।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार बिश्नोई से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनकी प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी। वहीं, विवेचक अर्पणा बंसल का पक्ष भी फिलहाल सामने नहीं आया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मामले में निष्पक्ष जांच होनी चाहिए ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके और दबंग किस्म के अपराधियों पर कानूनी कार्रवाई हो।

## वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वालों की आत्मा की शांति के लिए हुई आरती



**वाराणसी,।** अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वाले यात्रियों की आत्मा की शांति के लिए उत्तर प्रदेश के वाराणसी में दशाश्वमेध घाट पर आरती की गई, जिसमें हजारों लोग उपस्थित रहे।

गंगा सेवा निधि के अध्यक्ष सुशांत मिश्र ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कहा, "अहमदाबाद में जो विमान दुर्घटना हुई है, उसमें जानें गई हैं। गंगा सेवा निधि द्वारा दशाश्वमेध घाट पर मां गंगा में दीप दान करके और जो भी श्रद्धालु देश-विदेश से गंगा आरती में उपस्थित हुए हैं, उनसे दो मिनट का मौन मृतकों की शांति के लिए रखा गया। हम सभी भोलेनाथ और भगवती गंगा से मृतकों की आत्मा की शांति और मोक्ष की प्रार्थना करते हैं। मृतकों के परिवारजनों को दुख सहने की ताकत मिले।" अहमदाबाद से गुरुवार दोपहर लंदन जा रहा एयर इंडिया का विमान टेक ऑफ करने के तुरंत बाद एक मेडिकल कॉलेज पर गिर गया। विमान के गिरते ही उसमें से आग की लपटें उठने लगीं। विमान में 242 यात्री सवार थे। इसमें 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, एक कैनेडियन और सात पुर्तगाली थे।

गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी भी इस हादसे का शिकार हो गए। उनके निधन की पुष्टि की जा चुकी है। वह 2016 से 2021 के बीच गुजरात के 16वें मुख्यमंत्री रहे थे।

## कांस्टेबल सौरभ हत्याकांड : पुलिस की कार्रवाई पर भड़के नगीना सांसद चंद्रशेखर, सीबीआई जांच की मांग

**गाजियाबाद ।** नोएडा पुलिस के कांस्टेबल सौरभ हत्याकांड के बाद मसूरी थाना क्षेत्र के नाहल गांव में लगातार पुलिस कार्रवाई हो रही है। इसी बीच शुक्रवार को नगीना से सांसद चंद्रशेखर गांव पहुंचे और ग्रामीणों से मुलाकात की। उन्होंने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए इस पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग की।

चंद्रशेखर ने मीडिया से बातचीत में कहा, "अगर पूरा गांव ही अपराधी है तो सबको जेल में डाल दो। निर्दोष लोगों को तंग करना बंद करो। इस केस की सीबीआई जांच कराई जाए और गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज तुरंत सार्वजनिक की जाए।"

उन्होंने आगे कहा कि पुलिस की कार्रवाई से गांव में दहशत है और



परेशान लोगों को डराया जा रहा है। नोएडा पुलिस की टीम 25 मई को गाजियाबाद के मसूरी थाना क्षेत्र में एक आरोपी को पकड़ने के लिए गई थी। आरोपी कादिर पुत्र खुर्शीद थाना मसूरी क्षेत्र के नाहल गांव का रहने वाला था और कई मामलों में पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। 25 मई की रात करीब 11 बजे नोएडा कमिश्नरेट के थाना फेज-3 के उपनिरीक्षक सचिन राठी अपनी टीम के साथ उसके गांव पहुंचे, लेकिन दबिश के दौरान हालात बिगड़ गए। भीड़ जुट गई और पुलिस टीम पर अचानक पथराव और फायरिंग शुरू हो गई। इस हमले में कांस्टेबल सौरभ के सिर में गोली लगी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

हमले में अन्य कांस्टेबल सोनित घायल हो गए। इस घटना ने पुलिस महकमे में हड़कंप मचा दिया।

कांस्टेबल सौरभ की मौत के बाद नोएडा और गाजियाबाद पुलिस लगातार आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। अब तक 10 से ज्यादा आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिसमें मुख्य आरोपी कादिर का चचेरा भाई भी शामिल है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। फिलहाल इस कार्रवाई को लेकर नगीना सांसद चंद्रशेखर भड़के हुए हैं।

## होटल में ऑनलाइन अश्लीलता फैलाकर ठगी करते दो युवतियों सहित तीन पकड़े, तीन पुलिस को चकमा देकर भागे

**लोक प्रेरणा**

**गाजियाबाद।** रेलवे स्टेशन से सटे बजरिया क्षेत्र के एक होटल में ऑनलाइन वीडियो में अश्लील हरकत करके ठगी करने वाले गिरोह का क्राइम ब्रांच की टीम ने पदार्फाश किया है। दो युवती और एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। होटल के कमरे से लैपटॉप, फर्जी आईडी, अश्लील सामग्री और उपकरण बरामद किए गए है।

पकड़ी गई युवतियों ने बताया कि उन्हें 25 हजार रुपये प्रति माह वेतन पर रखा गया है। एक वेबसाइट पर सीधे आनलाइन वीडियो डालने का काम हो रहा था। फर्जी नाम से आइडी बनाई गई थी। पुलिस ने दो युवती और एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो युवती और मास्टरमाइंड सहित तीन सदस्य पुलिस को चकमा देकर भाग गए।

## रोजबेल पब्लिक स्कूल के छात्र अमित निषाद को मंत्री, डीएम व भाजपा के महानगर अध्यक्ष ने सम्मानित किया



**लोक प्रेरणा**

**गाजियाबाद ।** रोजबेल पब्लिक स्कूल के छात्र अमित निषाद को गुरूवार को यूपी बोर्ड की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने के लिए सम्मानित किया गया।

अमित को यूपी बोर्ड, सीबीएसई व आईसीएसई बोर्ड की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के लिए आयोजित जनपद स्तरीय समारोह में सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, विशिष्ट अतिथि भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, जिलाधिकारी दीपक मीणा व जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेंद्र शर्मा ने अमित शर्मा को हाईस्कूल की परीक्षा 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर 21 हजार रुपए, टेबलेट, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। रोजबेल पब्लिक स्कूल के चेयरमैन सरदार जोगेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य धर्मजीत कौर, डायरेक्टर सरदार बलप्रीत सिंह व सरदार यशमीत सिंह ने कहा कि अमित निषाद ने अपनी उपलब्धि से अपने परिवार व स्कूल का ही नहीं जनपद का भी गौरव बढाया है।

# विधायक संजीव शर्मा ने ग्राम बहरामपुर स्थित पावर हाउस का निरीक्षण किया

## विधायक संजीव शर्मा ने अधिकारियों को शहर के लोगों को लगातार बिजली देने के निर्देश दिए

**लोक प्रेरणा**

**गाजियाबाद ।** इन दिनों भीषण गर्मी पड रही है। भीषण गर्मी में बिजली की सप्लाई सुचारू रहे और शहर के लोगों को कोई परेशानी ना हो, इसके लिए विधायक संजीव शर्मा हर संभव प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए वे बिजलीघरों का निरीक्षण करने के साथ बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक भी कर



रहे हैं। इसी कडी में विधायक संजीव शर्मा ने शुक्रवार को पश्चिमाचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के ग्राम बहरामपुर स्थित पावर हाउस का निरीक्षण किया। विधायक संजीव शर्मा के मीडिया सलाहकार अजय चोपड़ा ने बताया कि विधायक संजीव शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बिजली की सप्लाई सुचारू रूप से दी जाए।

इन दिनों भीषण गर्मी हो रही है, अतः इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि क्षेत्रीय जनता को कोई परेशानी ना हो। इसके लिए हर संभव प्रयास किया जाए। अधिशासी अभियंता नवम इमरान, उपखण्ड अधिकारी मनीष कुमार, सब स्टेशन ऑपरेटर विकास कुमार के साथ क्षेत्रीय लोग भी मौजूद रहे।

## नाईट ड्यूटी में शराबी वार्ड ब्वाय ने की छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

**जैदपुर बाराबंकी।** नाईट ड्यूटी करते समय स्टाप नर्स के साथ? शराब के नशे में वार्ड ब्वाय द्वारा छेड़छाड़ करने पर पीड़ित ने जैदपुर पुलिस से की शिकायत, पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है?। ज्ञात हो कि जैदपुर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यरत एक स्टाप नर्स ने थाना जैदपुर में शिकायत करते हुये बताया कि 12 जून को मेरी नाइट डयू?टी थी रात लगभग 12-बजकर 25 मिनट लेवर रूम में मैं वार्ड ब्वाय ने शराब के नशे में घुसकर जबरदस्ती मुंह दबाने का प्रयास कर मुझ अश्लील हरकतें करने लगा।

## समाजसेवी व शिक्षाविद अशोक त्यागी ने गर्मी से राहत दिलाने के लिए छबील लगाकर मीठे शर्बत का वितरण किया

**लोक प्रेरणा**

**गाजियाबाद ।** वरिष्ठ समाजसेवी व शिक्षाविद अशोक त्यागी ने छबील लगाकर मीठे शर्बत का वितरण किया। हजारों लोगों ने शर्बत ग्रहण कर गर्मी में राहत महसूस की और अशोक त्यागी का धन्यवाद किया। अशोक त्यागी ने प्रहलादगढी वसुंधरा में छबील लगाकर राहगीरों को मीठा शर्बत पिलाया। छबील कई घंटे तक लगी जिसमें राहगीरों के अलावा ठेली-पटरी आदि लगाने वालों ने भी शर्बत ग्रहण किया। अशोक त्यागी ने कहा कि इन दिनों भीषण गर्मी पड रही है। डॉक्टर तो लोगों को घर पर ही रहने की सलाह दे रहे हैं, मगर काम-धंधे या जॉब पर जाने वाले लोगों के लिए यह संभव नहीं है। उन्हें तो गर्मी में भी बाहर निकलना पड रहा है। पहले जगह-जगह प्याउ होती थी तो लोगों को शीतल पानी मिल जाने से गर्मी से कुछ राहत मिल जाती थी। अब प्याउ परम्परा खत्म हो जाने से लोगों खासकर राहगीरों को भीषण गर्मी में



पानी के लिए भटकना पडता है। लोगों की परेशानी को देखते हुए उन्हें गर्मी से राहत दिलाने के लिए ही मीठे शर्बत की छबील लगाकर हजारों लोगों को मीठा शर्बत पिलाया गया।

## बाजार करने आए व्यक्ति की अचानक मौत, परिजनों में मचा कोहराम



**कासगंज।** जनपद के गंजडुंडवारा कस्बे में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया जब बाजार करने आए एक व्यक्ति की सड़क किनारे अचानक मौत हो गई। यह घटना अमीर खुसरो स्कूल के पास की बताई जा रही है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव अख्तऊ मंगदपुर निवासी 50 वर्षीय गंगाराम पुत्र ख्याली साइकिल से बाजार करने कस्बा आए थे। जब वह अमीर खुसरो स्कूल के पास पहुंचे तो अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्होंने साइकिल रोकी और सड़क किनारे खड़े हो गए, लेकिन कुछ ही पलों में वह जमीन पर गिर पड़े।

मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें उठाने और होश में लाने की कोशिश की, लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस और मृतक के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। उधर, जब गंगाराम के परिजन मौके पर पहुंचे तो उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने बताया कि गंगाराम पूरी तरह स्वस्थ थे और रोज की तरह ही बाजार करने निकले थे।

## दहेज की बलि चढ़ी फिरोजाबाद की बेटी, ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप



**फिरोजाबाद।** जिले के दक्षिण थाना क्षेत्र के नक्कारची टोला स्थित बाजे वाली गली में दहेज की मांग पूरी न होने पर एक विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत का मामला सामने आया है। मृतका के परिजनों ने उसके ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित कर हत्या करने का आरोप लगाया है।

पीड़ित पक्ष के अनुसार, नक्कारची टोला निवासी जिया उद्दीन ने अपनी बेटी शैजी खान का निकाह 9 मार्च 2021 को अलीगढ़ के थाना सिविल लाइन्स क्षेत्र के सर सैयद नगर स्थित अल शहर अपार्टमेंट निवासी मोहम्मद शीबान के साथ किया था। शादी के दौरान दहेज की पर्याप्त व्यवस्था की गई थी, लेकिन विवाह के बाद से ही शैजी के ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे।

परिजनों का आरोप है कि ससुराल वालों ने कुछ समय तक नकदी और अन्य चीजें मांगीं, जिसे पूरा किया गया, लेकिन इसके बाद उन्होंने फ्लैट की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर शैजी को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा।

6 जून को शैजी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। आरोप है कि उसका पति और ससुराल पक्ष के अन्य सदस्य शव को फिरोजाबाद छोड़कर भाग

## लखनऊ जेल में बद विचाराधीन बंदी कमरुद्दीन की मौत, परिजनों को ढूढ रही पुलिस

**बाराबंकी।** जिला कारागार लखनऊ में निरुद्ध विचाराधीन बंदी कमरूद्दीन (उम्र लगभग 50 वर्ष), निवासी खाना बदोश फुटपाथ, थाना कोतवाली नगर, जनपद बाराबंकी की गुरुवार को केजीएमयू लखनऊ में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। वह कई स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित था तथा 14 मई से कारागार में निरुद्ध था। कारागार प्रशासन के अनुसार, बंदी को 5 जून को बलरामपुर चिकित्सालय भेजा गया था, जहाँ से उसे 7 जून को केजीएमयू रेफर किया गया। उपचार के दौरान 12 जून को अपराह्न 5:12 बजे उसकी मृत्यु हो गई। जेल प्रशासन का कहना है कि बंदी द्वारा बताए गए किसी परिजन से संपर्क नहीं हो पा रहा है और न ही कोई शव प्राप्त करने आया है।

# अहमदाबाद विमान हादसे में आगरा के नीरज लवानिया और पत्नी की मौत

## भाई को फोन कर कहा था '12 घंटे बाद करेंगे बात'

**आगरा ।** गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार को हुए विमान हादसे में आगरा के निवासी नीरज लवानिया और उनकी पत्नी अपर्णा लवानिया की दुखद मृत्यु हुई। परिजनों ने बताया कि इस हादसे को कभी भूला नहीं सकते हैं। अकोला गांव के लोग काफी दुखी हैं। लोगों का कहना है कि नीरज लवानिया काफी अच्छे व्यक्ति थे। अक्सर गांव आया करते थे। समाज में उनका एक अच्छा नाम था।

नीरज के चचेरे भाई ने बताया कि विमान हादसे के बाद से सभी का बुरा हाल है। वो गुजरात को वडोदरा में रहते थे। उनका व्यवहार बहुत ही अच्छा था। विमान हादसे में उनकी मौत की खबर से गांव के सभी लोग बेहद



ही दुखी हैं। कोई सहन नहीं कर पा रहा है।

नीरज लवानिया के भतीजे शुभम ने बताया कि इस दुखद हादसे की खबर मीडिया के माध्यम से लगी है। एयर इंडिया ने भी बताया है कि इस हादसे में महज एक शख्स की जान ही बची है। परिवार में सभी लोग दुखी हैं कोई यह विश्वास नहीं कर पा रहा है, यह घटना हो गई है। हम तो भगवान से दुआ कर रहे हैं कि हमें ऐसी खबर मिले कि वो ठीक हों। वह वडोदरा में रहते थे, गर्मियों में घूमने के लिए लंदन जा रहे थे। विमान में चाचा-चाची साथ थे।

एक करीबी रिश्तेदार ने बताया कि उनसे गुरुवार को तब बात हुई थी, जब वह टैक्सी में बैठकर वड़ोदरा से अहमदाबाद जा रहे थे। फोन पर नीरज ने बताया था कि उनकी लंदन जाने वाली फ्लाइट 1.30 बजे है और 12 घंटे बाद वह लंदन पहुंच जाएंगे। इसीलिए, आगे बात नहीं हो पाएगी। जब लंदन पहुंच जाऊंगा तब बात हो पाएगी। नीरज के रिश्तेदार के अनुसार, वह लंदन अपने निजी कार्य से जा रहे थे। वह साल 2019 से लगातार वडोदरा शहर में रह रहे थे।

## यूपी में पर्यटन की नई उड़ान, राष्ट्रीय स्तर की संभावनाओं से मिल रहे पुख्ता संदेश

**लखनऊ ।** योगी सरकार के प्रयासों से आने वाले समय में यूपी में पर्यटन को और पंख लगेंगे। द वर्ल्ड ट्रैवल एंड टूरिज्म काउंसिल (डब्ल्यूटीटीसी) ने राष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन के परिदृश्य के बारे में जो पूवार्नुमान जताया है, उससे इस बात के पुख्ता संकेत मिल रहे हैं। इन संकेतों में छिपी संभावनाओं को सच में तब्दील करने को योगी सरकार पूरी तरह योजनाबद्ध तरीके से प्रतिबद्ध भी है।

प्रदेश में विदेशी और घरेलू पर्यटकों की आमद बढ़ने के साथ ही इनके द्वारा यात्रा, रहने, खाने और यादगार के रूप में स्थानीय उत्पादों के खरीदे जाने से अर्थव्यवस्था तो सुधरेगी ही, इससे जुड़े ट्रांसपोर्टेशन, होटल, होम स्टे, गाइड आदि सेक्टर्स में रोजी-रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।



डब्ल्यूटीटीसी की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2024 के राष्ट्रीय पर्यटन संबंधी आंकड़े 2019 के सभी मानकों को पीछे छोड़ चुके हैं। संस्था ने 2030 तक के लिए जो पूवार्नुमान जताए हैं, वे बेहद संभावनाओं वाले हैं। भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या, राधाकृष्ण की जन्मभूमि और कर्मस्थली ब्रजभूमि उत्तर प्रदेश में ही है। तीर्थराज प्रयाग, विश्व की सबसे पुरातन नगरी एवं तीनों लोकों से न्यारी शिव की काशी, दुनिया को शांति और अहिंसा के संदेश से प्रकाशित करने वाले भगवान बुद्ध से जुड़े सभी प्रमुख स्थल कुशीनगर, सारनाथ, कपिलवस्तु भी उत्तर प्रदेश में हैं। इन सब वजहों से देश में बढ़ते पर्यटन के कारण यूपी में पर्यटन की संभावना भी बढ़ जाती है। यह हो भी रहा है। सरकारी आंकड़े इसकी तस्दीक भी कर रहे हैं। ऐसा हो इसके लिए संभावना वाले टूरिज्म स्पॉट को केंद्र बनाकर योगी सरकार पर्यटकों की सुरक्षा और सुविधा के लिए वैश्विक स्तर की बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने को प्रतिबद्ध है। प्राथमिकता बनाकर चरणबद्ध तरीके से यह काम हो भी रहा है। इसमें केंद्र सरकार का भी विभिन्न योजनाओं के जरिए भरपूर सहयोग मिल रहा है।

डब्ल्यूटीटीसी के अनुसार देश के लिए पर्यटन के लिहाज से साल 2025 रिकॉर्ड ब्रेकिंग हो सकता है। इसकी वजह से देश की अर्थव्यवस्था में इस सेक्टर का योगदान 22 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है।

